





सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14 अंक - 317 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 29 अगस्त 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास - खबर

### सीएम भूपेश ने पीएम मोदी को लिखा खत, राष्ट्रीय जनगणना कराने का किया अनुरोध

**रायपुर।** सीएण भूपेश बघेल ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अन्य पिछड़ा वर्गों हेतु पृथक से कोड निर्धारित करते हुए राष्ट्रीय जनगणना करवाने का अनुरोध किया, साथ ही उन्होंने स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु एनएमडीसी का मुख्यालय हैदराबाद से जगदलपुर स्थानान्तरित करने का भी आग्रह किया है। मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में कहा है-अन्य पिछड़ा वर्गों के आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय पर और विलम्ब न करते हुए आवश्यक पहल कर शीघ्र अतिशीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का कष्ट करें। सीएम बघेल ने लिखा है कि -मेरे द्वारा अप्रैल 2023 में छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य पिछड़ा वर्गों के व्यक्तियों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिये जाने तथा इस विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने का आपसे अनुरोध किया गया था,आप सहमत होंगे कि सदियों से सामाजिक-राजनीतिक अधिकारों से वचित बड़ी आबादी को संविधान प्रदत्त समानता एवं सामाजिक न्याय की भावना के अनुरूप आरक्षण का लाभ दिया जाना आवश्यक है।

राज्य विधानसभा द्वारा दिसंबर 2022 में सर्वसम्मति से पारित विधेयक में राज्य में अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों तथा ई.डब्ल्यू.एस. के लोगों के लिये क्रमशः 32, 13, 27 एवं 4 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी विधेयक पारित किया गया था। दुर्भाग्य से वह विधेयक अभी तक राजभवन में अनुमोदन हेतु लंबित है।

# ...तो इसलिए महंगाई बढ़ाकर चूसा जा रहा है गरीबों का खून..., इन नामुरादों को आखिर शर्म क्यों नहीं आती...?

श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** जनता को मुफ्त का झुनझुना पकड़ाकर उनका खून कैसे चूसा जा सकता है, यह भाजपा के लोगों ने स्पष्ट कर दिया है। चुनाव से ऐन पहले प्रवासी विधायक का टैग लगाकर भिलाई पहुंची बिहार के कटिहार क्षेत्र की विधायक कविता देवी यूं तो पत्रकारों के सवाल सुनकर ही लाजवाब हो गई, जब उनसे बढ़ी हुई महंगाई का जवाब देते नहीं बना तो जिला भाजपा के अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया ने मोर्चा संभाला और ऐसा मोर्चा संभाला कि भाजपा के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की ही पूरी पोल खोलकर रख दी। पत्रकारों के सवालों पर जिला भाजपा के अध्यक्ष का कहना था कि जनता को मुफ्त में कोरोना के टीके लगाने, उन्हें मुफ्त में अनाज बांटने की भरपाई अब कीमतें बढ़ाकर की जा रही है।

जातीय व सामाजिक वोट कबाड़ने भाजपा छत्तीसगढ़ में पहली बार प्रवासी विधायकों को लेकर आई है। लेकिन इन प्रवासी विधायकों ने संवाद करने की क्षमता का भी नितांत अभाव दिखता है। पार्टी ने भिलाई में कटिहार (बिहार) की विधायक कविता देवी को भेजा, लेकिन पत्रकारों के सवालों पर वे हड़बड़ाती और बगलें झांकती हुई नजर आईं। केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का बखान करते-करते जब पत्रकारों ने उनसे सिर चढ़ चुकी महंगाई पर सवाल किया तो उनके पास इसका कोई जवाब नहीं था। सिर्फ एक लाइन में प्रवासी विधायक ने इसके लिए बढ़ती हुई जनसंख्या को जिम्मेदार ठहरा दिया। सवाल है कि आखिर बढ़ती आबादी से, महंगाई का क्या ताल्लुक? पत्रकारों ने सवाल किया कि 2014 से 2023 के बीच क्या जनसंख्या तीन गुना बढ़ गई कि 450 रूपए का सिलेंडर 1200 रूपए हो गया, तो प्रवासी विधायक कविता देवी का चेहरा पीला पड़ गया। हालात बिगड़ते देखकर भिलाई जिला भाजपा के अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया ने मोर्चा संभाला, लेकिन उनके जवाब ने जनता के लिए बहुत सारे सवाल छोड़ दिए।

महंगाई क्यों बढ़ी, इसका जवाब देते हुए बिचपुरिया ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 130 करोड़ लोगों को फ्री में टीके लगाए, इसके अलावा विदेशों में भी 100 करोड़ टीके लगाए गए। इससे सरकार की जेब खाली हो गई। 82 करोड़ जनता को फ्री में लगातार अनाज बांटा, गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाईं। नल जल योजना, जिसका पूर्व में 3 करोड़ लोगों को लाभ मिल रहा था, अब 11 करोड़ लोगों को लाभ मिल रहा है, सड़कों का जाल बिछाया गया, पुल-पुलिया का निर्माण किया गया। ओव्हरब्रिज बनाए गए, टाटीबंध से लेकर नेहरू नगर तक फ्लाईओव्हर का निर्माण कराया, जिसकी लागत 436 करोड़ है। बिचपुरिया का कहना था कि महंगाई बढ़ने के लिए अंतरराष्ट्रीय कारण भी जिम्मेदार हैं। विदेशों में जहां 25 फीसद महंगाई बढ़ी है, उसके मुकाबले में भारत में सिर्फ 5 फीसद महंगाई ही बढ़ी है। इस दौरान केन्द्र की सरकार ने विकास के खूब काम भी कराए हैं। हाइवे का जाल बिछाया गया, विकास के बड़े-बड़े काम हो रहे हैं। इन सबमें पैसा लगता है। उन्होंने स्वीकार किया कि लोगों को थोड़ा कष्ट जरूर हो रहा है, लेकिन इसके ऐवज में विकास के काम भी हो रहे हैं, जिससे लोगों को राहत मिल रही है।




### बुलाया था बिहारी मतदाताओं के लिए, खुल गई पोल

भिलाई में बड़ी संख्या में यूपी-बिहार के लोग निवास करते हैं। शायद इसीलिए बिहार की विधायक को यहां बुलाया गया। संभावना है कि भाजपा इसी वर्ग से अपना प्रत्याशी भी तय कर सकती है। आमतौर पर दीगर राज्यों से आने वाले नेताओं या जनप्रतिनिधियों को लगता है कि छत्तीसगढ़ पिछड़ा और अशिक्षित राज्य है, जहां अपने हिसाब से चीजों को चलाया जा सकता है, किन्तु जब उनका सामना स्थानीय मीडिया से होता हैं तो उनके पास सवालों के जवाब नहीं होते। ऐसे ही हालात सोमवार को भी निर्मित हुए। क्योंकि प्रवासी विधायक कविता देवी के पास सवालों के जवाब नहीं थे, इसलिए भाजपा के स्थानीय नेताओं ने जनता को दी गई छूट, सुविधाओं और केन्द्रीय योजनाओं का बखान शुरू कर दिया। इससे कहीं न कहीं भाजपा की ही पोल खुली है। चुनाव करीब है, ऐसे में मतदाताओं को जरूर विचार करना चाहिए कि कोरोना का फ्री टीका लगवाकर और मुफ्त का अनाज खाकर आखिर वे कितने वर्षों से उसकी कीमत अदा करते रहेंगे?

# सरगुजा में घटेंगी कांग्रेस की सीटें टीएस बोले- आधी भी हो सकती हैं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** विधानसभा चुनाव 2023 में उत्तर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सीटें घट सकती हैं। डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि स्थिति अनुकूल नहीं हुई तो सीटें आधी भी हो सकती हैं। कांग्रेस ने समन्वय के साथ बेहतर प्रदर्शन किया तो 11 सीटें तक आ सकती हैं। सिंहदेव ने कहा कि वे स्वयं भी सर्वे करा रहे हैं। सरकार ने बेहतर काम किया है। लोगों में कांग्रेस से नाराजगी कम है। विधायकों की स्थिति अलग है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि कुछ विधानसभाओं में प्रत्याशी बदले जाने की मांग भी उठ रही है। वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सरगुजा संभाग की सभी 14 सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। डिप्टी सीएम की मानें तो वर्ष 2013 के चुनाव में कांग्रेस पांच वर्ष पूर्व की स्थिति नहीं है। टीएस सिंहदेव पहले ही कुछ प्रत्याशी बदले जाने के संकेत दे चुके हैं।

### सितंबर में अधिकांश सीटों पर होगी प्रत्याशी की घोषणा

ढाई महीने बाद नवंबर 2013 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए कांग्रेस भी सितंबर तक अधिकांश सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। सरगुजा संभाग में आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की स्थिति को लेकर डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने चर्चा के दौरान कहा कि लोगों के मन में यह है कि कांग्रेस की स्थिति अच्छी है। सरकार ने जिस तरह से काम किया है, लोगों में कांग्रेस से नाराजगी कम है।



### सरगुजा संभाग में 5-6 से 11 सीटें

सरगुजा संभाग की 14 विधानसभा को लेकर डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि यहां 5-6 से लेकर 11 सीटें तक आ सकती हैं। आंकलन बहुत ज्यादा खराब हुआ और सब गड़बड़ रहा तो भी 5-6 सीटें कांग्रेस की आएंगी। खराब में भी स्थिति आधी-आधी की रहेगी। अच्छे से सब संतुलन बैठ गया तो 11 सीटों में कांग्रेस जीत दर्ज कर सकती है।

### कांग्रेस को स्वीकार कर रहे लोग

सिंहदेव ने कहा कि पूरे प्रदेश में सामान्य वातावरण अच्छा है। कांग्रेस से नाखुशी नहीं दिखती। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस पार्टी के काम को लोग स्वीकार कर रहे हैं। थोड़ा कम-ज्यादा रहता है, लेकिन संतोषप्रद नंबर मिल रहे हैं।

डिप्टी सीएम ने कहा कि मैं भी सर्वे करा रहा हूं। सर्वे में जो भी आंकड़े आ रहे हैं, वे इसी बात को दर्शा रहे हैं कि उम्मीद्वारों की स्थिति एक अलग है और कांग्रेस पार्टी की स्थिति अलग है। उसका सामंजस्य होगा तो परिणाम अच्छे आएंगे।

### विधायक झेल रहे संगठन का विरोध

कांग्रेस के पौने पांच साल के कार्यकाल में कुछ विधानसभा क्षेत्रों में उपेक्षित रहे कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने सीधे विधायकों के खिलाफही मोर्चा खोल दिया है और कुछ विधानसभाओं में संगठन के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस के टिकट के लिए दावेदारों के आवेदन के दौरान भी यह विरोध खुलकर सामने आ गया। सामरी एवं बैकुंठपुर विधानसभाओं में पूरा संगठन ही विधायकों के खिलाफ खड़ा है। सामरी में चिंतामणी महाराज के खिलाफजिला कांग्रेस कमेटी सहित चारों ब्लाक अध्यक्षों में मोर्चा खोल दिया है।

टीएस सिंहदेव के राजपुर प्रवास के दौरान चिंतामणी को टिकट न दिए जाने की मांग सार्वजनिक रूप से सभी पदाधिकारियों ने कर दी। वहीं, बैकुंठपुर में विधायक अंबिका सिंहदेव के खिलाफ भी कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल रखा है। सभी ने सामूहिक रूप से ऐलान कर दिया है कि अंबिका सिंहदेव को टिकट मिला तो वे काम नहीं करेंगे। अन्य विधानसभाओं में कुछ विधायकों के कामकाज को लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं कुछ लोग नाखुश हैं।

### कांग्रेस के बिखराव से घट सकती हैं सीटें

वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली जीत में वर्तमान डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव की अहम भूमिका मानी गई। वे चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष भी थे। 2018 के चुनाव में सरगुजा संभाग में सिर्फ टीएस सिंहदेव के कारण सभी कार्यकर्ता कांग्रेस के लिए एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरे थे। सरकार बनने के साढ़े चार साल तक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व टीएस सिंहदेव के बीच की रार किसी से छिपी नहीं है।

इस दौरान कई विधायकों ने पाला बदल लिया। संभाग के संगठन में दशकों से सरगुजा राजपरिवार का कब्जा है। विधायकों ने पाला बदला तो अपनी ही सरकार में साढ़े चार साल तक कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपेक्षित रहे। तीन माह पहले टीएस सिंहदेव को डिप्टी सीएम बनाए जाने के बाद कांग्रेस एकजुटता का संदेश दे रही है, लेकिन धरातल पर अब भी स्थिति सामान्य नहीं है। इसका सीधा नुकसान कांग्रेस को होता दिख रहा है।

# कार्यकर्ताओं को साधने निकाला बीच का रास्ता, सीधे दिल्ली से घोषित नहीं होंगे प्रत्याशी




श्रीकंचनपथ न्यूज़

**भिलाई।** बिना कार्यकर्ताओं को विश्वास में लिए सीधे दिल्ली से प्रत्याशी घोषित करने को लेकर भाजपा में आंतरिक बवाल मच गया है। अब तक पार्टी द्वारा घोषित 21 सीटों में से कई सीटों पर कार्यकर्ताओं ने खुलकर नाराजगी जाहिर की है, इससे भाजपा आलाकमान के कान खड़े हो गए हैं। पता चला है कि पार्टी में उठने वाले बवंडर को थामने के लिए ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पर्यवेक्षक भेजने का निर्णय लिया गया। बताते हैं कि अब भाजपा ने सीधे प्रत्याशी घोषित करने से तौबा कर ली है। निर्णय लिया गया है कि पर्यवेक्षकों द्वारा दी गई रिपोर्ट को भी अब पार्टी महत्वपूर्ण मानेगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद ऐसा पहली बार हुआ जब भाजपा आलाकमान ने कार्यकर्ताओं की रायशुमारी के बिना सिर्फ सर्वे की रिपोर्टों के आधार पर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की थी। पार्टी के ही भीतर इस पहली सूची को अविश्वास की नजरों से देखा जा रहा है।

भाजपा द्वारा 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करने के बाद कुछ विधानसभा क्षेत्रों से अंतरकलह सामने आई है। इसे खत्म करने के लिए चुनाव प्रभारी ओम माथुर ने एक नया फार्मूला निकाला है। हर सीट पर दावेदारों से पूछा जा रहा है कि अगर आपको टिकट नहीं दी जाती है तो आप किसे ठीक मानते हैं। वो जिस भी नाम को बता रहे हैं उसे शार्टलिस्ट किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो पांचों सर्वे में भी अगर वह नाम है तो उसे टिकट मिलने की संभावना सबसे अधिक होगी। ऐसे में कोई भी उस उम्मीदवार का विरोध नहीं कर पाएगा। जो भी पदाधिकारी उस उम्मीदवार का नाम नहीं दे रहे हैं, उन्हें भी चिन्हित किया जा रहा है।

### किसी की नहीं चल रही

भाजपा में इस बार किसी भी क्षत्रप की नहीं चल रही है। पांच तरह के सर्वे किये गए हैं। हर सर्वे एजेंसी से तीन-तीन नामों का पैनल मांगा गया है। संभाग प्रभारियों से भी हर विधानसभा के तीन प्रबल उम्मीदवारों के नाम मांगे गए हैं। अब पर्यवेक्षकों से भी तीन नाम मांग जाएंगे। जो नाम कॉमन होगा उसके बारे में अलग से खुफिया एजेंसियों से जांच करवाई जाएगी। अगर वह जिताऊ कैंडिडेट होगा तो उसे टिकट दी जाएगी। सूची में एक नाम कॉमन मिलता है, लेकिन पर्यवेक्षकों के पैनल में वह नाम नहीं होगा तो उस सीट पर दोबारा सर्वे करवाया जाएगा।

बाद में उनसे वजह भी पूछी जाएगी कि आपने उम्मीदवार को बेहतर क्यों नहीं माना। चुनाव प्रभारी ओम माथुर छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। तीन दिन पहले उन्होंने पर्यवेक्षकों को हर सीट पर जाने को कहा और विधानसभा क्षेत्र में पदाधिकारियों की बैठक लेकर उम्मीदवारों के नाम लाने की जिम्मेदारी दी है। आनन-फानन में सरगुजा संभाग की 9 सीटों को छोड़कर 60 सीटों के लिए 38 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई। शनिवार को 60 सीटों पर पर्यपेक्षक पहुंचे। उन्होंने सबसे चर्चा कर उस विधानसभा में तीन-तीन नाम का पैनल बनाया है। बाकी बचे नामों को भी शार्टलिस्ट किया गया है। इसके अलावा सरगुजा संभाग की 9 सीटों पर ओम माथुर, नितिन नबीन ने खुद वन टू वन किया।

छत्तीसगढ़ में पहली बार ऐसा हुआ है कि हर विधानसभा सीट पर पर्यवेक्षकों की बैठक में तीनों सत्र के संगठन पदाधिकारियों को बुलाया गया है। पहले केवल वर्तमान पदाधिकारियों को बुलाकर ही बैठक की जाती थी। बताया जा रहा है कि एक-एक बैठक में 70-80 पदाधिकारी पहुंच रहे हैं। मंडल, जिले के पदाधिकारियों के अलावा पार्षद और विधानसभा कोर कमेटी भी उपस्थित रह रही है। रविवार को पर्यवेक्षकों ने अपनी रिपोर्ट ओम माथुर को सौंप दी है। सोमवार को माथुर ने सभी पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर 69 सीटों पर मंथन किया। बताया जा रहा है दूसरी सूची के लिए पैनल भी तैयार है। पर्यवेक्षकों के सुझाव के बाद इसमें परिवर्तन हो सकता है।

# महंगाई पर सवाल किया तो लगे बगले झांकने

श्रीकंचनपथ




चुनावी मौसम में पत्रकारों का जमीर भी जाग गया है। अब उन्हें समझ में आ गया है कि अगर शेर ने दहाड़ना और पंजे मारना छोड़ दिया तो उसकी कोई इज्जत नहीं रह जाएगी। बच्चे भी उसकी पूंछ में पटाखा बांधकर तमाशा देखेंगे। पत्रकार तभी तक चौथा स्तंभ है, जब तक कि वह विपक्ष में है। एक मशहूर कवि ने कहा भी है कि लोकतंत्र में जब विपक्ष कमजोर हो जाए तो पत्रकारों, लेखकों और कवियों को विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए। अन्यथा ये सभी लोग अप्रासंगिक हो जाते हैं और सत्ता निरंकुश हो जाती है। इसलिए हाल ही में हुए एक मीडिया वार्ता में जब पत्रकारों ने असहज करने वाले सवाल दागने शुरू किये तो भाजपा के पास कोई जवाब नहीं था। कोई भी सरकार अपनी प्राथमिकताएं तय करने के लिए स्वतंत्र है। इसके अच्छे बुरे परिणामों की जिम्मेदारी भी उसी की होती है। सोशल मीडिया पर वायरल किये गये कूटरचित वीडियो से ऐसा लग सकता है कि पूरा देश केन्द्र के साथ है। पर लोकतंत्र की खूबसूरती ही यह है कि पांच साल में एक बार जनता की बारी आती है, जो सवाल नहीं पूछती, सीधे फैसले सुनाती है। उसकी तरफ से सवाल मीडिया पूछती है जो 'गोदी मीडिया' के तमगे से पहले ही खार खाए बैठी है। इसलिए वह पूछती है कि बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए सरकार ने क्या किया। क्यों पेट्रोल और गैस के दाम काबू में नहीं हैं। बिहार की भाजपा विधायक कविता देवी कहती हैं - आबादी भी तो बढ़ रही है। पत्रकार पूछते हैं कि 2014 से 2023 के बीच क्या आबादी दो-तीन गुणा बढ़ गई है तो उनका मुंह बंद हो जाता है। फिर कमान संभालते हैं तेजतर्रार भाजपा जिला अध्यक्ष बिचपुरिया। वो कोरोनाकाल में लगाए गए मुफ्त टीकों का हवाला देते हैं, देश में बिछाए जा रहे सड़कों के जाल का हवाला देने लगते हैं। यह क्या बात हुई? मकान बनवाने या नया फ्लैट खरीदने के लिए कौन अपने घर के राशन में कटौती करता है? वैसे भी इन सड़कों से देश सुन्दर दिख सकता है पर इन सड़कों पर गाड़ियां दौड़ाएगा कौन? स्वयं उन्हीं के शब्दों में देश की 80 करोड़ आबादी को सरकार मुफ्त में राशन दे रही है। क्या इन सड़कों पर उनकी भी बैलगाड़ियां या साइकिलें चलाई जा सकेंगी? वैसे भी आवागमन को लेकर केन्द्र सरकार कितनी संवेदनशील है - इसका परिचय रेलवे ने दे ही दिया है। नई ट्रेनों के नाम पर लगातार बढ़ता किराया एक खास आयुवर्ग के लोगों को रिझा सकता है पर देश की बड़ी आबादी इससे कभी संतुष्ट नहीं हो सकती। दरअसल, केन्द्र के पास कोई जवाब है ही नहीं। अगर उसे अपने कामों पर भरोसा होता तो उसे चुनावी साल में ईडी और आईटी की आड़ नहीं लेनी पड़ती। बाबाओं को हिन्दुत्व का एजेंडा नहीं सौंपा जाता। धर्मांतरण के मुद्दे को हवा न दी जाती।



## संपादकीय

# एक दुर्लभ स्वर्ण

हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में नीरज चोपड़ा की स्वर्णिम जीत को न केवल याद किया जाएगा, बल्कि इससे दूसरे भारतीय खिलाड़ी भी हमेशा प्रेरणा लेंगे। स्वर्ण जीतने के लिए 88.17 मीटर भाला फेंककर नीरज ने भारत का माथा ऊंचा कर दिया है। ओलंपिक में भारत को स्वर्ण दिलाने वाले नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी अपने नाम का डंका बजाकर यह साबित कर दिया है कि जैवलिन थ्रो या भाला फेंक प्रतिस्पर्द्धा में उनकी सफलता कोई तुक्का नहीं है। ऐसा अक्सर देखा गया है कि भारतीय खिलाड़ी एकाध अच्छे प्रदर्शन के बाद धीरे-धीरे नेपथ्य में चले जाते हैं, पर नीरज की खासियत है कि ओलंपिक स्वर्ण के बावजूद उनकी भूख शांत नहीं हुई है। वह अपना ओलंपिक स्वर्ण लेकर हवा में नहीं उड़ रहे हैं। उनके पांव आज भी जमीन पर हैं और तभी जब वह भाला फेंकते हैं, तो वह दूर तक जाता है। ध्यान रहे, क्षमता और तैयारी की वजह से नीरज में बेहतर से बेहतर प्रदर्शन की असीम गुंजाइश है। बुडापेस्ट में स्वर्ण के लिए उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है। वह कम से कम तीन बार 89 मीटर से ज्यादा दूर भाला फेंक चुके हैं। मतलब, अगर मौका मुफीद रहा, तो वह 90 मीटर की दूरी भी पार कर सकते हैं। नीरज सफलता की एक बेहतरीन मिसाल बन गए हैं। उन्होंने किसी समय अपने मोटापे को दूर करने के लिए भाला फेंकना शुरू किया था और आज उनकी छोटी सी कोशिश बड़ी सफलताओं का रूप ले चुकी है। एक-दो बातें गौर करने की हैं। अव्वल तो इस समय दुनिया में ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जो नीरज से भी ज्यादा दूर तक भाला फेंक चुके हैं। मिसाल के लिए, विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले पाकिस्तान के अरशद नदीम और कांस्य पदक जीतने वाले चेक गणराज्य के जाकूब वाल्देच तो 90 मीटर तक भाला फेंक चुके हैं, लेकिन बुडापेस्ट में दोनों खिलाड़ी 88 मीटर की सीमा भी पार नहीं कर सके। अगर नीरज यह मानकर चलते कि उनका मुकाबला ऐसे खिलाड़ियों से है, जो उनसे भी ज्यादा दूर तक भाला फेंक चुके हैं, तो वह हतोत्साहित हो जाते। अपनी क्षमता या तुलनात्मक रूप से कुछ कमतर रिकॉर्ड के बावजूद नीरज में मुकाबले के लिए जो जज्बा है, वह लाजवाब है। उनमें किसी भी प्रतिद्वंद्वी के प्रति भय का भाव नहीं है। वह निरंतर अभ्यास में जुटे रहते हैं, दुनिया में जहां भी पहुंचकर वह अपने प्रदर्शन को सुधार सकते हैं, पूरे मनोयोग से वैसा करते रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि भारतीय खिलाड़ियों ने विश्व स्तर पर कई बार आखिरी मौके पर दबाव में आकर पदक गंवाया है। अगर हमारे खिलाड़ी दबाव में आने के बजाय अपना ध्यान केवल अपने प्रदर्शन के सुधार पर लगाएं, तो भारत खेलों की दुनिया में वह चमक हासिल कर सकता है, जिसका वह वाकई हकदार है। बेशक, भारत में खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण का विस्तार हुआ है, पर वास्तव में नीरज चोपड़ा का स्वर्ण हो या अभिनव बिंद्रा का स्वर्ण, दोनों के पीछे व्यक्तिगत मेहनत, लगन और जुनून का योगदान सर्वाधिक है। खैर, भारतीय खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर वाजिब मुकाम पाने के लिए अभी लंबा सफर तय करना है। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत एकमात्र नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के साथ 18वें स्थान पर रहा है। मतलब, खेलों की दुनिया में हमें नीरज जैसे अनेक मैदान-वीरों के साथ झंडे गाड़ने का जतन करना चाहिए।

“ अगर नीरज यह मानकर चलते कि उनका मुकाबला ऐसे खिलाड़ियों से है, जो उनसे भी ज्यादा दूर तक भाला फेंक चुके हैं, तो वह हतोत्साहित हो जाते। अपनी क्षमता या तुलनात्मक रूप से कुछ कमतर रिकॉर्ड के बावजूद नीरज में मुकाबले के लिए जो जज्बा है, वह लाजवाब है। उनमें किसी भी प्रतिद्वंद्वी के प्रति भय का भाव नहीं है।

## खाई बहुत चौड़ी है

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान दक्षिण अफ्रीका के जोहानेसबर्ग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई मुलाकात का सार दोनों देशों के बीच समझ और विश्वास की खाई बहुत चौड़ी है। ऊपर से विदेश नीति के घरेलू राजनीति में इस्तेमाल की भारत की सत्ताधारी पार्टी की रणनीति ने इस बारे में देश में कोई आम सहमति बनने का रास्ता रोक रखा है। इस दूसरे पहलू का संबंध उठे इस विवाद से है कि जोहानेसबर्ग में मुलाकात किसकी पहल पर हुई। चूंकि भारतीय जनता पार्टी की रणनीति अपने देशवासियों के मन में लगातार प्रधानमंत्री मोदी की 'मजबूत राजनेता' छवि को मजबूत बनाए रखने की है, इसलिए पक्ष और विपक्ष के बीच यह मसला अहम बन गया। जबकि जरूरत बातचीत से सामने आई खाई पर चर्चा की है। आवश्यकता इस बारे में समझ बनाने की है, इस बरकरार खाई के बीच भारत की उपयुक्त चीन नीति क्या होनी चाहिए।

भारतीय विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने वार्ता के बारे में जो जानकारी साझा की और चीन के विदेश मंत्रालय ने जो कहा, उसके बीच कोई समानता नहीं है। क्वात्रा के मुताबिक मोदी ने शी से कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों के आमने-सामने जमाव को हटाने और तनाव घटाने पर जोर दिया। उन्होंने भारत का यह रुख दोहराया कि इसके बिना दोनों देशों के संबंधों में सुधार नहीं हो सकता। लेकिन चीनी बयान में इन बातों का उल्लेख नहीं है। उसमें बताया गया कि शी जिनपिंग ने द्विपक्षीय संबंध के बड़े पहलुओं की तरफ ध्यान खींचा और कहा कि दोनों देशों के बीच रिश्ता सुधरना दोनों देशों की जनता तथा क्षेत्रीय एवं विश्व शांति के हित में होगा। संदेश यह है कि चीन एलएसी पर की स्थिति को स्थायी मान रहा है और भारत को इसे स्वीकार कर लेने को कह रहा है। इस स्थिति में प्रश्न उठता है कि भारत के सामने क्या विकल्प है? सरकार अगर एलएसी पर की हालत को लेकर देश को भरोसे में ले और इस मुद्दे पर राष्ट्रीय बहस कराए, तो देश इस विकल्प पर आम सहमति बनाने की दिशा में बढ़ सकता है।

## गठबंधन की तस्वीर साफ हो रही है

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की पार्टियों का स्टैंड साफ हो रहा है। कई राज्यों में चल रहे उपचुनावों में पार्टियों ने जिस तरह का स्टैंड लिया है उससे गठबंधन की एक तस्वीर उभर रही है। माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल की धुपगुड़ी विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के नतीजों से तय होगा कि राज्य में 'इंडिया' एकजुट होकर लड़े या रणनीतिक कारणों से सीपीएम व कांग्रेस साथ लड़ कर चुनाव को त्रिकोणात्मक बनाएं। गौरतलब है कि धुपगुड़ी सीट पर कांग्रेस ने सीपीएम उम्मीदवार को समर्थन देने का ऐलान किया है। दोनों पार्टियां साझा प्रचार करके चुनाव को त्रिकोणात्मक बनाए हुए हैं। भाजपा के विधायक के निधन से सीट खाली हुई है लेकिन सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस इस सीट को हासिल करने के लिए जी तोड़ प्रयास कर रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस और सीपीएम के साथ लड़ने का क्या असर चुनाव पर होता है। अगर दोनों पार्टियां मिल कर इतना वोट काटती हैं, जिससे भाजपा जीत जाती है तो गठबंधन के एकजुट होकर लड़ने की जरूरत दिखाई देगी। लेकिन जानकार नेताओं का कहना है कि सीपीएम और कांग्रेस मिल कर जो वोट काटेंगे उसका नुकसान भाजपा को होगा। अगर ऐसा होता है तो लोकसभा चुनाव में यही रणनीति अपनाई जाएगी। सो, उपचुनाव के नतीजों से बंगाल की तस्वीर साफ होगी लेकिन उत्तर प्रदेश में ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस और सपा फिर साथ आएंगे। कांग्रेस ने राज्य की घोसी सीट पर उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को समर्थन दिया है। यह इलाका कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के मजबूत असर वाला है। अगर वहां कांग्रेस ने सपा का साथ दिया है तो इसका संदेश बहुत स्पष्ट है। पहले खबर आई थी कि कांग्रेस और बसपा के बीच भी बातचीत हो रही है।

> “ पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की तेलुगुदेशम पार्टी जगन मोहन की वाईएसआर कांग्रेस के साथ सीधे मुकाबला कर रही है। चूंकि राज्य में 2024 में लोकसभा व राज्य विधानसभा के चुनाव साथ-साथ होने वाले हैं, इसलिए जगन मोहन व चंद्रबाबू, दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार करने का फैसला किया है, जो अभूतपूर्व है।

# दक्षिण में दांव चलने लगे क्षेत्रीय दल



एस श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार

पांचों दक्षिणी राज्य में साल 2024 के आम चुनाव की सुगबुगाहट तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी यहां विपक्ष में है, सिवाय केंद्र शासित पुडुचेरी के, जहां सत्तासीन एनआर कांग्रेस के साथ उसका गठबंधन है। उसके दोस्ताना रिश्ते आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस के साथ भी हैं, पर इसका चुनावों में उसे शायद ही फायदा मिल सकेगा। कुल मिलाकर, कर्नाटक छोड़ इन दक्षिणी राज्यों में क्षेत्रीय पार्टियां ही मुख्य मुकाबले में रहेंगी, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आकर्षण के आधार पर भाजपा अपनी सीटें बढ़ाने का पूरा प्रयास करेगी।

गुजरे रविवार की सुबह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखे हमले बोलकर द्रमुक के चुनावी अभियान का आगाज कर दिया। भाकपा सांसद की बेटी के विवाह-समारोह में जुटे लोगों के बीच मुख्यमंत्री ने साफ कर दिया कि राज्य में वाम दलों के साथ उनकी पार्टी का गठबंधन बना रहेगा। उन्होंने अपने पिता एम के करुणानिधि के उस कथन को भी दोहराया, जिसे वह अक्सर बोला करते थे- अगर वह अन्ना या पेरियार से नहीं मिले होते, तो निश्चय ही कम्युनिस्ट होते।

स्टालिन ने यह भी कहा कि एनडीए सरकार सीबीआई, ईडी व आयकर विभाग जैसी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके क्षेत्रीय दलों को डराने की कोशिश कर रही है। चूंकि उनके दो मंत्री कानूनी शिकंजे में हैं और कई अन्य पर तमाम तरह के आरोप हैं, इसीलिए यह अपेक्षित ही था। मगर आश्चर्य की बात यह थी कि उन्होंने केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोला और हालिया कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा को भ्रष्टाचार पर कुछ भी बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। कैग रिपोर्ट में कई खुलासे हुए हैं।

हालांकि, कुछ दिनों पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी केंद्र पर कुछ इसी तरह के आरोप लगाए थे, लेकिन स्टालिन का बयान थोड़ा असामान्य है, क्योंकि यूपीए-2 सरकार में स्पेक्ट्रम आंवटन पर कैग की रिपोर्ट के बाद उनकी पार्टी गंभीर आलोचना में घिर गई थी। तब केंद्र सरकार में द्रमुक के दो मंत्रियों- ए राजा और एम कनिमोई को सीबीआई जांच का सामना करना पड़ा था और जेल भी जाना पड़ा था। हालांकि, बाद में वे बरी हो गए, मगर स्टालिन द्वारा कैग की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र को घेरने की ताजा कवायद उस रिपोर्ट की मौन स्वीकृति मानी जा रही है, जिसे पार्टी ने अतीत में खारिज कर दिया था।

तमिलनाडु में 2021 विधानसभा चुनाव से पहले से द्रमुक का गठबंधन बरकरार है। यहां वह वाम दल और कांग्रेस के साथ है और यह साझेदारी अभी शायद ही टूटेगी। दलित पार्टी वीसीके के साथ भी उसका गठबंधन बना रह सकता है, हालांकि राज्य में जातिगत झड़पों के मुद्दे पर दोनों पार्टियों के बीच अक्सर मतभेद होते रहे हैं। यहां भाजपा ने अंततः अन्नाद्रमुक के साथ ही चलने का फैसला किया है, जो एक अन्य प्रमुख द्रविड़ पार्टी है। इसका नेतृत्व-संकट पूर्व मुख्यमंत्री ई पलानीसामी द्वारा पार्टी पर मजबूत पकड़ बनाने के साथ खत्म हो चुका है। पिछले हफ्ते ही उन्होंने पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी से 'सेंगोल' लेकर अपना राज्याभिषेक खुद किया। राज्य में कई अन्य छोटी पार्टियां भी हैं, लेकिन मुकाबला मुख्यतः द्रमुक और अन्नाद्रमुक गठबंधन के बीच ही होने की संभावना है।

तेलंगाना में पिछले हफ्ते बीआरएस प्रमुख चंद्रशेखर राव ने दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए करीब-करीब सभी सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा करके भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है। इससे पार्टी के पुराने वफादारों को तेज झटका लगा है, क्योंकि सूची में पिछड़ों के बजाय अगड़े समुदाय को ज्यादा तवज्जो दी गई है। इससे यह भी मालूम हुआ है कि 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले और बाद में कांग्रेस छोड़कर जिन नेताओं ने बीआरएस का दामन थामा था, उनको ज्यादा भाव दिया गया है। इससे राज्य में समीकरण बदलते हैं अथवा नहीं, यह तो आने वाले दिनों में पता चलेगा, लेकिन सियासी उथल-पुथल जरूर मच गई है। कुछ महीने पहले तक हताश दिख रही कांग्रेस इसे अपने लिए एक मौका मान रही है। पार्टी के नेताओं का मानना है कि बीआरएस का भाजपा के साथ अघोषित समझौता हो चुका है और भाजपा ने संसदीय चुनावों का दांव खेलकर विधानसभा चुनावों से अपने कदम पीछे खींच लिए हैं।

पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की तेलुगुदेशम पार्टी जगन मोहन की वाईएसआर कांग्रेस के साथ सीधे मुकाबला कर रही है। चूंकि राज्य में 2024 में लोकसभा व राज्य विधानसभा के चुनाव साथ-साथ होने वाले हैं, इसलिए जगन मोहन व चंद्रबाबू, दोनों नेताओं ने एक-दूसरे के विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार करने का फैसला किया है, जो अभूतपूर्व है। 'पुलिवेंदुला क्यों नहीं' इस आक्रामक नारे के साथ चंद्रबाबू ने जगन मोहन के खिलाफ उनके विधानसभा क्षेत्र में प्रचार करने का फैसला किया है। यह जगन द्वारा '175 क्यों नहीं' यानी सभी 175 विधानसभा सीटों के जीतने के आह्वान के जवाब में है। आम चुनावों में भाजपा वाईएसआरसीपी के साथ समझौता कर सकती है, हालांकि तेलुगुदेशम पार्टी भी उसके साथ आने की इच्छुक है।

कर्नाटक में भाजपा अब भी मई की चुनावी हार से उबरती नहीं दिख रही। पार्टी में अब भी उथल-पुथल कायम है और कांग्रेस के कई पूर्व नेता, जो भाजपा में शामिल हो गए थे, अब 'घर वापसी' की सोच रहे हैं। हालांकि, लगता यही कि कांग्रेस और भाजपा के बागी फिलहाल सुरक्षित खेल खेलना चाहते हैं, क्योंकि वे बेवजह जांच एजेंसियों के निशाने पर आना नहीं चाहते। इसलिए यहां पार्टी का सारा दारोमदार प्रधानमंत्री मोदी के कंधों पर है।

केरल में यूडीएफ और एलडीएफ के बीच जुबानी जंग जारी है। पिछले हफ्ते राहुल गांधी ने राज्य का दौरा किया था और 2024 के लिए चुनावी जमीन तैयार करने के लिए पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। पार्टी ने भरोसा दिलाया है कि यूडीएफ गठबंधन 2019 दोहरा सकता है और 20 में से 19 सीटें जीत सकता है। हालांकि, इस बार ऐसी संभावना नहीं दिख रही, क्योंकि तब राहुल के पक्ष में सहानुभूति की लहर थी, क्योंकि उन्हें उत्तर प्रदेश में घेरा गया था और केरल में सुरक्षित जगह की तलाश करनी पड़ी थी। मगर अब राज्य में राजनीतिक परिदृश्य काफी बदल चुका है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# नीरज चोपड़ा ने फिर भाले से लिख दिया स्वर्णिम इतिहास

मनोज चतुर्वेदी, वरिष्ठ खेल पत्रकार



नीरज चोपड़ा ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जैवलिन का स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। एथलेटिक्स में यह गौरव पाने वाले वह पहले भारतीय हैं। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उन्होंने अपनी कैबिनेट में सभी प्रमुख चैंपियनशिप के स्वर्ण सजा रखे थे, कमी सिर्फ विश्व एथलेटिक्स के स्वर्ण की थी, वह भी अब दूर हो गई है। नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 88.17 मीटर जैवलिन फेंका और इस दूरी को कोई अन्य खिलाड़ी पार नहीं कर सका। वह अभिनव बिंद्रा के बाद दूसरे भारतीय हैं, जिन्हें ओलंपिक और विश्व खिताब, दोनों हासिल करने का गौरव प्राप्त है। अभिनव ने वर्ष 2006 की निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने के बाद 2008 के बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था। नीरज ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पाने के बाद अब विश्व एथलेटिक्स का खिताब पा लिया है।

नीरज की इस सफलता से अगले माह होने वाले एशियाई खेलों व अगले साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत स्वर्ण की उम्मीद कर सकता है। वह जिस तरह से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, उससे पेरिस में स्वर्ण पदक के दावेदार दिखते हैं। वह यदि लगातार दूसरे ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफल हो गए, तो यह उपलब्धि पाने वाले पहले भारतीय होंगे। अफसोस की बात है, भारतीय एथलेटिक्स का इतिहास सफलताओं से भरा नहीं है। अंजू बॉबी जॉर्ज के 2003 की विश्व एथलेटिक्स में कांस्य पदक जीतने से पहले तक हम पीटी ऊषा और मिल्खा सिंह के ओलंपिक में चौथे स्थान के प्रदर्शन की चर्चा करके ही खुश हुआ करते थे, लेकिन नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पिछली विश्व एथलेटिक्स में रजत पदक जीतकर यह दिखा दिया था कि भारतीयों में भी दमखम है।

नीरज के एथलेटिक्स पटल पर उभरने से पहले भारतीय एथलीटों को फाइनल में खेलते देखना खासा मुश्किल था, लेकिन इस चैंपियनशिप की जैवलिन स्पर्द्धा के फाइनल में नीरज सहित तीन भारतीयों को देखना हैरत भरा रहा। दो अन्य भारतीय थे, किशोर जेना और डीपी मनु। ये दोनों खिलाड़ी भी फाइनल में अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में सफल रहे। जेना ने 84.77 मीटर की थ्रो से पांचवां और मनु ने 84.14 मीटर की थ्रो से छठा स्थान प्राप्त किया। इन प्रदर्शनों से यह तो साबित होता है कि जैवलिन का भविष्य सुरक्षित हाथों में है ड्ड

भारत के बारे में कहा जाता रहा है कि 140 करोड़ की आबादी वाला देश ओलंपिक जैसे खेल में आधा दर्जन के आसपास पदक जीतकर ही खुश हो जाता है, जबकि छोटे-छोटे देश दर्जनों पदक जीतते हैं। इसकी वजह देश में खेल-संस्कृति की कमी को माना जाता है, लेकिन पिछले डेढ़ दशक से खेल-संस्कृति बनती दिखने लगी है। भारत में मजबूत होती खेल-संस्कृति का ही कमाल है कि नीरज के अलावा चार गुणा 400 मीटर रिले दौड़ की भारतीय चौकड़ी ने भी अपने शानदार प्रदर्शन से सबको हैरत में डाल दिया। हालांकि, मुहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मोहम्मद अजमल व राजेश रमेश की यह चौकड़ी पोडियम पर नहीं चढ़ सकी, पर उसने 2 मिनट 59.92 सेकंड के प्रदर्शन से पांचवां स्थान प्राप्त करके सबको प्रभावित जरूर किया है। इस भारतीय चौकड़ी ने हीट में दो मिनट 59.05 सेकंड का समय निकालकर अपने से आगे रहने वाली अमेरिकी टीम के भी पसीने छुड़ा दिए थे। अमेरिका बाद में इस स्पर्द्धा का स्वर्ण जीतने में सफल रहा। भारतीय चौकड़ी यहां से पदक के साथ भले ही नहीं लौट सकी है, पर अगले माह होने वाले एशियाई खेलों में वह स्वर्ण पदक की दावेदार जरूर बन गई है।

बहरहाल, नीरज की एक के बाद एक सफलताओं ने भारतीय युवा एथलीटों को उत्साहित कर दिया है। साथ ही, पिछले एक-डेढ़ दशक में एथलीटों को मिलने वाली सुविधाओं में सुधार होने और दुनिया के अच्छे प्रशिक्षकों की सेवा लेने का असर अब दिखने लगा है। खेल की दुनिया में भारत की जीत का जो सिलसिला शुरू हुआ है, उसे और आगे बढ़ाना चाहिए। हमारी खेल-संस्कृति में जो भी कमियां हैं, उन्हें दिग्गज खिलाड़ियों की मदद से दूर करने में समय नहीं गंवाना चाहिए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# कैदी ट्रंप अपने मगशॉट को भुनाते हुए

श्रुति व्यास



क्या किसी कैदी का मगशॉट वायरल हो सकता है? क्या कभी किसी ने अपने मगशॉट को भुनाने की कोशिश की है? मगशॉट का अर्थ है अमेरिका में गिरफ्तारी के बाद आरोपी के चेहरे का लिया गया फोटो। मगर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोई मामूली मुलजिम नहीं हैं। कैदी नंबर पी01135809, संयुक्त राज्य अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति हैं। जाहिर है अमेरिका के सिस्टम में किसी के लिए रियायत नहीं है। और ट्रंप के दौर में तो वाकई सब कुछ मुमकिन है। एक पूर्व राष्ट्रपति जेल जा सकता है। मगर साथ ही वह दुबारा राष्ट्रपति बनने की दौड़ में शामिल भी रह सकता है और यही नहीं, वह जेल में ली गई अपनी फोटो का इस्तेमाल चुनाव प्रचार के लिए कर सकता है!

कोई भी सामान्य व्यक्ति अपना मगशॉट लिए जाने से अपमानित महसूस करेगा। अपना मुंह छुपाता फिरेगा। फिर ट्रम्प तो ऐसे पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं जिन पर चार आपराधिक मामलों में 91 आरोप लगाए गए और जिनका जेल में एक कैदी के तौर पर फोटो लिया गया। लेकिन ट्रंप सबसे अलग हैं। वे खुले आम और बड़े चाव न गर्व से अपनी बेशर्मी का प्रदर्शन कर रहे हैं। वे अपनी इस तस्वीर के साथ ट्विटर (जो अब एक्स है) पर दुबारा आ गए हैं। इस फोटो का उपयोग वे अपने चुनाव अभियान के लिए चंदा उगाही के लिए कर रहे हैं और उसे कपड़ों, मगों वगैरह पर छपवा रहे हैं। उनके लिए मगशॉट एक मैडल है, जिसे शान से सब को दिखाया जा सकता है और दिखाया जाना चाहिए।

हम चाहे इसे कितना ही नापसंद क्यों न करें पर ट्रंप और उनकी टीम मानते हैं कि बदनाम हुए तो क्या हुआ, नाम तो हुआ। वे नकारात्मक प्रचार को भी सकारात्मक मानते हैं। इस मुद्दे पर उन्होंने इतना शोर मचाया कि 91 आरोपों के बावजूद ट्रम्प राष्ट्रपति बनने की दौड़ में एक बार फिर सबसे आगे निकल गए। ट्रंप जेल में अपना मगशॉट लिए जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और उसके लिए तैयार थे। फोटो खींचे जाते समय चेहरे पर कैसे भाव होने चाहिए, इस पर पर्याप्त चिंतन-मनन हो चुका था। हम जानते हैं कि सही कपड़ों और चेहरे पर सही भावों की प्रचार में कितनी अहम भूमिका होती है। अप्रैल में ट्रम्प के नकली मगशॉट छपी एक टीशर्ट बाजार में उतारी गयी ताकि यह अंदाजा लगाया जा सके कि लोगों कि इस पर क्या प्रतिक्रिया होती है। अंततः जब 24 अगस्त को ट्रंप ने जार्जिया की फुल्टन काउंटी में आत्मसमर्पण किया और पुलिस ने उनकी फोटो खींची तब उनके हाव-भाव बिल्कुल वैसे ही थे जिनके लिए वे जाने जाते हैं-गुस्से से फूला चेहरा, तिरछी भौंहें और एकटक कैमरे की ओर देखते हुई आंखें।

ट्रंप ने मगशॉट के आसपास ऐसा नरेटिव बुना जिससे उन्हें खूब फायदा हुआ। फुल्टन काउंटी के जेल में गुरूवार की रात आत्मसमर्पण के लिए ऐसा समय चुना गया जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा मीडिया कवरेज मिले। उन्होंने टीवी चैनलों पर प्राईमटाईम ख़बरों के प्रसारण के ठीक पहले आत्मसमर्पण किया। उनके समर्थक वहां मौजूद थे और दुनिया भर का मीडिया उनकी गिरफ्तारी का छोटे से छोटा विवरण दे रहा था। माहौल जुनून भरा था और ट्रंप को इससे कितना फायदा हुआ इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि फोटो लिए जाने के बाद से ट्रंप को चुनाव अभियान के लिए 71 लाख डालर मिल चुके हैं। पोलिटिको के अनुसार अकेले शुक्रवार को उनकी झोली में 41 I80 लाख डालर आए जो उनके चुनाव अभियान के दौरान 24 घंटे में मिली सबसे बड़ी रकम है।

ट्रंप की कोशिश यह है कि उनके समर्थकों को यह यकीन हो जाए कि उन्हें फंसाया जा रहा है। वे अपने नजदीकी लोगों से बातचीत के दौरान यह स्वीकार भी करते हैं कि इन कानूनी पचड़ों से उन्हें सियासी फायदा मिल रहा है। उन्होंने अलबामा में एक डिनर में कहा, ''जैसे ही मेरे खिलाफ कोई नया अभियोग दाखिल होता है, चुनाव में हमारी स्थिति और बेहतर हो जाती है। बस एक अभियोग और और हमारा काम बन जायेगा, हम चुनाव जीत जाएंगे। किसी और के लिए कोई चांस ही नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि ट्रंप का मगशॉट लिए जाने और उन पर मुकदमे का जिक्र इतिहास की किताबों में होगा। बड़ा सवाल यह है कि इसके विवरण में क्या लिखा होगा-इससे ट्रम्प के राजनैतिक जीवन के अंत की शुरुआत हुई या इसने उनकी राजनीति में नयी जान फूंकी। क्या यह फोटो 2024 में उनके चुनाव जीतने में मददगार होगी? ऐसा लग रहा है कि ट्रंप जीत सकते हैं और अगर ऐसा होता है तो वे वह कर दिखाएंगे जो आज तक किसी ने नहीं किया। अमरीका में सब कुछ और कुछ भी मुमकिन है!


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### राष्ट्रपति प्रवास के दौरान सुरक्षा सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का पुख्ता इंतजाम हो - डॉ भुरे

**रायपुर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के 31 अगस्त और 01 सितंबर छत्तीसगढ़ आगमन होना है। कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में आज कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल और नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी सहित पुलिस-प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए। कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का छत्तीसगढ़ आगमन होना है। उनके प्रवास के दौरान राजधानी में जो कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, उसकी पूर्ण रूप से तैयारी करें। राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल के निर्धारित मार्ग पर साफसफाई की सुदृढ़ व्यवस्था करें और सड़कों तथा अन्य स्थानों पर मार्किंग करें। उनके प्रवास के दौरान सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था करें। उन्होंने निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार चिकित्सा व्यवस्था, भोजन व्यवस्था आदि भी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही कार्यक्रम स्थलों पर वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान चिन्हांकित करने और यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने निर्देश दिए।

### अपर कलेक्टर ने जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**गरियाबंद।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जरूरी तैयारियां शुरू हो गई है। इसके तहत मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोडने, हटाने और संशोधन काम किया जा रहा है। साथ ही मतदान केंद्रों को भी मतदाताओं की सुविधाओं के लिए विकसित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने विधानसभा क्षेत्र 55 बिन्द्रानवागढ़ के तहसील देवभोग अंतर्गत मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के मतदान केन्द्र क्रमांक 270 नवागुड़ा, मतदान केन्द्र क्रमांक 269 दबनई, मतदान केन्द्र क्रमांक 291 एवं 292 निष्टिगुड़ा, मतदान केन्द्र क्रमांक 296 सुपेबेड़ा एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 295 सेन्दमुड़ा में पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्यों का जायजा लिया।

### चिल्हाटी में शासकीय नवीन महाविद्यालय का शुभारंभ

**मोहला।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान चिल्हाटी में नवीन महाविद्यालय खोलने की सौगात दी थी। मुख्यमंत्री की पहल पर चिल्हाटी में महाविद्यालय खोलने की बहुप्रतीक्षित मांग मूर्त रूप ले लिया है। गत दिवस 25 अगस्त को चिल्हाटी में नवीन महाविद्यालय का शुभारंभ किया गया। खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने महाविद्यालय का शुभारंभ किया। महाविद्यालय का शुभारंभ होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी सहूलियत होगी। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर खुज्जी विधायक साहू ने 9 चिटफंड कंपनी में निवेश किए हितग्राहियों को 142724 की राशि का चेक वितरित किया। चिटफंड कंपनी में निवेश किए गए रकम की वापसी होने पर हितग्राहियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ती गौते एसडीएम एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं नगरीकगण उपस्थित थे।

महार समाज के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्यमंत्री से की सौजन्य मुलाकात

## मात्रात्मक त्रुटि सुधार के लिए सीएम के प्रति प्रकट किया आभार

श्रीकंचनपथ न्यूज



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों में निवासरत महार समाज (बौद्ध) के लोगों की जाति प्रमाण पत्र संबंधी मात्रात्मक त्रुटि की समस्या का निराकरण होने पर आज महार बौद्ध समाज के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी रायपुर के हेलीपेड पर मुख्यमंत्री श्री बघेल से मुलाकात कर उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्री दीपक बैज भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि महार समाज के लोगों की जाति संबंधी मात्रात्मक त्रुटि की वजह से विगत कई वर्षों से इनके जाति प्रमाण पत्र जारी करने में दिक्कत आ रही थी, जिसके कारण इन लोगों को शिक्षा एवं रोजगार सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था।

बौद्ध समाज द्वारा मात्रात्मक त्रुटि के कारण वर्षों से लंबित समस्या के स्थायी समाधान के संबंध में बस्तर सांसद दीपक बैज के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर लगातार प्रयास किया जा रहा था। जिसके परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार द्वारा महार जाति की मात्रात्मक त्रुटि के संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया और इस संबंध में संसद के अनुमोदन एवं महामहिम राष्ट्रपति के हस्ताक्षर पश्चात भारत सरकार के द्वारा गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

बौद्ध समाज अंतर्गत महार जाति की वर्षों पुरानी मांग के पूरा होने पर बौद्ध समाज के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद दीपक बैज से मिलकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया एवं भारत सरकार के राजपत्र के अनुसार शीघ्र ही इसे छत्तीसगढ़ प्रदेश में लागू करने संबंधी शासनादेश जारी करने का अनुरोध किया। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति व्यक्त की।

इस मौके पर बौद्ध समाज की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष सांसद दीपक बैज को 'भारत का संविधान' एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जीवनी भेंट की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बौद्ध समाज छत्तीसगढ़ के प्रमुख पदाधिकारी गण सर्वश्री दिलीप वासनीकर रायपुर, सुनील रामटेके भिलाई ,अनिल खोबरागड़े दल्ली राजहरा, भोजराज गौरखेड़े रायपुर, सारंग राव हुमने बिलासपुर, के.आर.उके रायपुर, हेमराज कुटारे रायपुर, प्रफुल्ल गेडाम बिलासपुर, प्रमोद वासनिक रायपुर, राजेश हुमने बिलासपुर, वीरेंद्र बोरकर डोंगरगांव, सुनील नागदौने डोंगरगढ़, अशोक धवले भिलाई, अनिल कावरे बीजापुर, अनिल रामटेके बीजापुर, शशांक घोड़ेस्वार राजनांदगांव, प्रवाह नासरे रायपुर आदि उपस्थित थे।

## ये राखी है खास घरौंदा के 20 दिव्यांग बना रहे हैं राखी, 5 से लेकर 100 रुपए तक की हैं राखियां



श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में तरह-तरह की राखियां बेची जा रही है लेकिन कुछ ऐसी भी राखियां हैं जो लोगों के लिए खास बनी हुई हैं। दरअसल कम कीमत पर खूबसूरत दिखने वाली यह राखियां इसलिए खास है क्योंकि दिव्यांगों द्वारा बनाए जा रहे राखी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कलाई में भी सज चुकी है। इन्हें समाज कल्याण विभाग महासमुंद की आशा मनु विकास केंद्र घरौंदा के दिव्यांग बना रहे हैं।

महासमुंद के नयापारा स्थित घरौंदा केंद्र में लगभग 20 मानसिक दिव्यांगों के द्वारा आकर्षक राखियां बनाई जा रही हैं, जो कम कीमत की होने के साथ लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। 27 अगस्त से बाजार में इन राखियों को स्टॉल लगाकर बेची जा रही है। अब तक यहां बच्चों के द्वारा 1500 से ज्यादा राखियां बनाई जा चुकी हैं और 10 हजार रुपए से ज्यादा की राखियां बेची जा चुकी है। ये राखियां इसलिए खास है क्योंकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विगत 20 अगस्त को जब महासमुंद के दौरे पर आए थे तब दिव्यांग रानी साहू ने मुख्यमंत्री को अपने हाथों से ये राखियां पहनाई थी। मुख्यमंत्री ने उनके कौशल की सराहना करते हुए सहर्ष अपनी कलाई में राखी पहने थे। इसी तरह कलेक्टर प्रभात मलिक ने भी गत दिवस स्टॉल पहुंचकर राखी बंधवाई थी और खरीदी भी थी।

गौर करने वाली बात यह है इन राखियों की बाजार में काफी डिमांड भी देखी जा रही है 5 रुपए से लेकर 100 रुपए तक की राखियां लोगों की पहली पसंद बनी हुई है। मानसिक एवं शारीरिक रूप से अशक्त बच्चों के लिए शेल्टर होम चला रहा है। इसमें करीब 20 दिव्यांग हैं। संस्थान इन दिव्यांगों को छोटी-छोटी ट्रेनिंग देकर उनका आत्मविश्वास बढ़ा रहा है।

## जिले के एक लाख 73 हजार से अधिक बच्चों को दी जाएगी विटामिन ए और आयरन फोलिक एसिड सिरप

श्रीकंचपनथ न्यूज



**जगदलपुर।** जिले में में शिशु एवं मातृ स्वास्थ्य संवर्धन हेतु शिशु संरक्षण माह 29 अगस्त से 29 सितम्बर 2023 तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को विलेज हेल्थ सेनीटेशन एण्ड न्युट्रीशन डे एवं अरबन हेल्थ सेनीटेशन एण्ड न्यूट्रीशन डे के माध्यम से एसएसएम की सेवाओं की प्रदायगी की जायेगी। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके चतुर्वेदी ने बताया कि जिले में शिशु संरक्षण माह के सुचारू आयोजन के लिए सभी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। जिसके तहत लक्षित बच्चों एवं माताओं को सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की प्रमुख भूमिका होगी।

सीएमएचओ डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि शिशु संरक्षण माह के दौरान लक्षित बच्चों को विटामिन ए की खुराक दी जायेगी, विटामिन ए सूक्ष्म पोषक तत्व है जिसकी कमी से रतौंधी होती है, जो कि केवल विटामिन ए से ठीक होता है एवं शरीर की वृद्धि एवं रोग प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाता है। 09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को 06 माह के अन्तराल में कुल 09 डोज दिया जाना है। इसके साथ ही सभी गर्भवती माताओं एवं शिशुओं तिथि के अनुसार टीकाकरण किया जायेगा, साथ ही उन हितग्राही जो नियमित टीकाकरण से छुटे हुए हैं उन्हें कव्हर किया जायेगा। इस दौरान जन्म के 24 घण्टे के भीतर दी जाने वाली डोज वैक्सीन हेपेटाइटिस बी और पोलियो भी सुलभ करायी जाएगी। वहीं 06 माह से 05 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को आयरन फोलिक एसिड सिरप की 20 मिलीग्राम की मात्रा सप्ताह में दो दिन दिया जाना है, जो कि बच्चों को एनीमिया होने से रोकता है, एवं एनीमिया से ग्रसित बच्चों को मानसिक एवं शारीरिक विकलांगता से रोकती है। शिशु संरक्षण माह आयोजन के दौरान गर्भवती जांच एवं देखभाल सभी गर्भवती माताओं को इस दौरान एएनसी चेकअप की जाएगी एवं आवश्यकतानुसार उपचार एवं सलाह दी जावेगी। इसके साथ ही शिशु संरक्षण माह के दौरान गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को जांच कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराया जाएगा। इस हेतु सभी स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला एवं बाल विकास और स्कूल शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर पहल किया जा रहा है। उक्त शिशु संरक्षण माह के दौरान विटामिन ए की खुराक से 88 हजार 242 हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा 85 हजार 324 बच्चों को आयरन फोलिक एसिड सिरप से लाभांवित करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

शांति पूर्ण एवं सुचारू विधानसभा चुनाव की तैयारी

## अन्तर्राज्यीय समन्वय हेतु छत्तीसगढ़ के सभी सीमावर्ती राज्यों के साथ पुलिस महानिदेशक स्तर की बैठक

श्रीकंचपनथ न्यूज



रायपुर। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आज पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर में सीमावर्ती राज्यों ओड़िशा, झारखण्ड, मध्यप्रदेश के साथ अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नक्सल विरोधी अभियानों एवं कानून-व्यवस्था संबंधी आपसी समन्वय एवं रणनीति तैयार करने हेतु विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में पुलिस महानिदेशक ओड़िशा सुनील कुमार बंसल, पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा एवं पुलिस महानिदेशक झारखण्ड अजय कुमार सिंह के अलावा केन्द्रीय एजेंसियों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों क्रमशः सीआरपीएफ बीएसएफ आईटीबीपी एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा बालाघाट जोन, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत बस्तर, राजनांदगांव, रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक शामिल हुए। इन पड़ोसी राज्यों से लगे छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक रेंज बिलासपुर एवं सरगुजा, बैठक में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

बैठक में जानकारी दी गई कि पूर्व में 25 जुलाई 2023 को हैदराबाद, तेलंगाना में सीमावर्ती राज्य, आंधप्रदेश, तेलंगाना एवं महाराष्ट्र, 19 अगस्त 2023 को इंदौर मध्यप्रदेश में सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं उत्तप्रदेश के साथ अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई है। इसी प्रकार आज चुनाव के पूर्व छत्तीसगढ़ के सभी सीमावर्ती राज्यों के साथ पुलिस महानिदेशक स्तर की बैठक सम्पन्न हो चुकी है। बैठक में बेहतर अन्तर्राज्यीय समन्वय हेतु भविष्य में रेंज, जिला, अनुविभाग एवं थाना स्तर पर समन्वय बैठकों के आयोजन का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से माओवादी परिदृश्य एवं चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने हेतु माओवादी रणनीति की समीक्षा की गई तथा सुरक्षा बलों की काउण्टर रणनीति पर चर्चा की गई। अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में माओवादियों के विरूद्ध संयुक्त कार्यवाही, माओवादियों के सप्लाई नेटवर्क को अवरूद्ध करने हेतु कार्यवाही, सीमावर्ती सुरक्षा विहीन क्षेत्रों में नवीन फारवर्ड कैम्पों की स्थापना एवं अन्तर्राज्यीय संयुक्त अभियानों के संचालन, सीमावर्ती थाना/कैम्पों के मध्य आपसी समन्वय पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में माओवादियों के क्रासिंग पाईन्ट एवं उनके सीमा पार मूव्हमेन्ट को रोकने हेतु कार्यवाही, माओवादी अग्र संगठनों एवं सहयोगियों की पहचान एवं विधिसम्मत कार्यवाही, चुनाव के दौरान अन्तर्राज्यीय सीमा पर स्थायी एवं मोबाईल चेकपोस्ट लगाने, चुनाव के दौरान माओवादी घटनाओं एवं मादक पदार्थो के अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु योजना एवं क्रियान्वयन सहित चुनाव सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

## ईडी अपना मूल काम करती तो रमन, बृजमोहन सभी जेल के सलाखों के पीछे होते - कांग्रेस

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** कांग्रेस ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में किया जा रहा ईडी का दुरुपयोग छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि हम ईडी की षडयंत्रपूर्ण कार्यवाही को जनता के बीच लेकर जायेंगे। भाजपा छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के कामों और मुख्यमंत्री की लोकप्रियता से घबराई हुई है। वह नहीं चाहती सरकार के जनकल्याणकारी काम आने वाले चुनावों में मुद्दा बने इसलिये वह ईडी की कार्यवाही करवा कर राज्य में भ्रम का वातावरण बनाना चाहती है। कांग्रेस पार्टी भाजपा के इस षडयंत्रों को बेनकाब करेगी तथा हर बूथ तक अपने सरकार की योजनाओं के साथ सरकार के कामों में बाधा पहुंचाने के लिये की जा रही ईडी की कार्यवाही भी मतदाताओं को बतायेगी।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईडी अपना मूल काम करती तो रमन सिंह, उनके पुत्र अभिषेक सिंह, दामाद पुनीत गुप्ता, बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत, अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर सहित सभी सहयोगी जेल में होते। मोदी सरकार के आधे से ज्यादा मंत्री एवं भाजपा नेता सलाखों के पीछे होते। असल में भाजपा ईडी को राजनैतिक संगठन की तरह इस्तेमाल कर रही।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईडी का काम मनीलांड्रिंग की जांच करना है। छत्तीसगढ़ में ईडी सीएजी के जैसे काम कर रही है। एक विभाग में गड़बड़ी नहीं पकड़ पाती तो दूसरे विभाग जांच करने पहुंच जाती है। ईडी की छटपटाहट बता रही है कि वह येन केन प्रकारेण राज्य की भूपेश सरकार को बदनाम करने के लिये अवसर खोज रही है। उसे कुछ मिल नहीं रहा तो रोज नयी कहानियां गढ़ कर सरकार की छवि खराब करने स्टोरी प्लांट कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि ईडी रमन सिंह सरकार के घोटालों की जांच कब करेगी? 36000 करोड़ का नान घोटाला और 6200 करोड़ का चिटफंड घोटाला रमन सिंह सरकार का वह घोटाला है जिसमें सीधे आम आदमी के साथ लूट की गयी है।

इन दोनों ही घोटालों में तत्कालीन सरकार के प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता के प्रमाण भी सामने आये है और इसमें रूपयों का भी लेनदेन हुआ है। किसी भी प्रकार के नगदी अवैध लेनदेन की जांच प्रत्यावर्तन निदेशालय के द्वारा की जानी चाहिये।

ऊँ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को व्यवसाय संचालित करने मिलेगा ऋण

**रायपुर।** अब जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगार लोन लेकर किराना, फैन्सी, जनरल स्टोर्स, कपड़ा, डेली निड्स, सब्जी, ठेले, खोमचे, फेरी वाले, टेलर, छोटे होटल, पान ठेला, मोची दुकान, मोटर सायकल मरम्मत जैसे-विभिन्न व्यवसाय संचालित कर सकते हैं। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग अंतर्गत बैंक प्रवर्तित अंत्योदय स्वरोजगार योजना संचालित की जा रही है। योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को बैंक के माध्यम से ऋण प्रदाय कर उनकी आर्थिक स्थिति सुधार किए जाने के लिए सहयोग किया जा रहा है।

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि अंत्योदय स्वरोजगार योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के ऐसे आवेदक जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष हो और आय 1 लाख पचास हजार रुपए से अधिक न हो साथ ही जिन्होंने पूर्व में शासकीय योजनान्तर्गत अनुदान का लाभ न लिया हो, वे आवेदन कर सकते है। योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम दस हजार रुपए का अनुदान देय है। परन्तु ऋण राशि की अधिकतम सीमा बंधनकारी नही है। पात्र आवेदक ऋण हेतु 15 सितम्बर तक आवेदन पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर कलेक्टर परिसर स्थित जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, कक्ष क्रमांक-34 में जमा कर सकते है।

### अनुसूचित जाति वर्ग के युवतियों को मिलेगा गारमेंट मेकिंग में निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**रायपुर।** जिला प्रशासन के अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग की युवतियों के कौशल विकास के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर के अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र में गारमेंट मेकिंग ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए अनुसूचित जाति वर्ग की युवतियां जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो, न्यूनतम 8वीं कक्षा पास हो और जिनकी वार्षिक आय 1 लाख पचास हजार रुपए से अधिक न हो वे आवेदन कर सकती हैं। अंत्यवसायी सहकारी विकास समिति के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए आवेदिका 15 सितम्बर 2023 तक कलेक्टर परिसर के जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति के कार्यालय, कक्ष क्रमांक-34 में सुबह 10 बजे से शाम 5 तक आवेदन प्राप्त कर जमा कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 0771-4915063 एवं मोबाईल नम्बर 7247463357 पर सम्पर्क कर सकते है।

# मनरेगा से बनाए गए छिनपुरवा नरवा से जागी किसानों की उम्मीदें, स्टापडेम से बह रहे कलकल करते नीर

## खरीफ के साथ अब रबी फसलों के लिए भी मिलेगा पानी

### बमुश्किल दिसम्बर तक बहने वाले छिनपुरवा में अब गर्मी में भी रहेगा भरपूर पानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ ही जांजगीर-चांपा जिले में नरवा प्रोजेक्ट के माध्यम से जल-संचय और जल-स्रोतों के संरक्षण-संवर्धन का कार्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के माध्यम से बखूबी किया जा रहा है। इन कार्यों से खेती-किसानी के कार्यों को मजबूती मिल रही है और किसानों को सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से किसानों की आजीविका सशक्त हो रही और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बन रही हैं।



ऐसा ही कुछ जांजगीर-चांपा जिले के जनपद पंचायत नवागढ़ की ग्राम पंचायत भादा छिनपुरवा नरवा (नाला) के उपचार से किसानों को हुआ है, इस नाले पर स्टापडेम का निर्माण होने के बाद से ही धुरकोट से केवा नवापारा के किसानों को खरीफ के साथ अब रबी फसल के लिए भी पानी मिलने की आस जाग उठी है। पुराने नरवा को पुनर्जीवन मिल गया और गांव की खुशहाली और समृद्धि का रास्ता खुल गया।

जिला पंचायत द्वारा नरवा प्रोजेक्ट को लेकर जिले में कार्य किये जा रहे हैं। इन्हीं कार्यों में नवागढ़ विकासखंड मुख्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम पंचायत भादा है, जहां से होकर यह छिनपुरवा नाला बहता है। यह छिनपुरवा नाला ग्राम पंचायत के धुरकोट से प्रारंभ होकर पचेड़ा, कसौंदी, मौहाडीह, अकलतरी, गौद व भादा से होते हुए केवा (नवापारा) में हसदेव नदी में मिलता है, पहले इस नाले का पानी बारिश के बाद ही सूख जाता था, ऐसे में किसानों को दोहरी फसल लेने के बारे में सोचना मुश्किल था, साथ ही पशुपालकों के लिए भी पानी नहीं मिलता था, जिससे उनकी परेशानियां बढ़ी हुई थी। ग्रामीणों ने नाले को सुव्यवस्थित तरीके से उपचार करने के बारे में सोचा तब उन्हें मनरेगा से नाले के उपचार के बारे में जानकारी मिली। इसके बारे में रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक ने विस्तार से गांव वालों को जानकारी दी, तब फिर ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पास कराकर जनपद से जिला पंचायत भेजा गया, जिला पंचायत से प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के उपरांत इस नाले के ऊपर स्टापडेम का निर्माण और नरवा का उपचार महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से किया गया, इसके बनने के बाद बारिश में स्टापडेम से कलकल करता हुआ नाला बह रहा है। इस कार्य के लिए महात्मा गांधी नरेगा से 16.85 लाख रूपए की राशि से स्वीकृत दी गई, जनपद पंचायत नवागढ़ के ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की मानीटरिंग में इस कार्य को पूर्ण कराया गया। इस नाले में तकरीबन 10 हजार क्यूबिक मीटर पानी संरक्षित हो रहा है। आसपास के क्षेत्र में यह नाला अब बेहतर पानी के स्रोत के रूप में जाना जा रहा है। इस नाले में बहते हुए पानी ने किसानों की जिंदगी को बदलने का काम किया है, बारिश के पानी का सही संरक्षण होने से किसानों को अब दोहरी फसल लेने की उम्मीद जाग उठी है। जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कई कार्य किए गए हैं, जिससे आसपास के क्षेत्र में हरियाली की चादर फैलने लगी है।

#### रोजगार के साथ किसानों को लाभ

भादा ग्राम पंचायत के महात्मा गांधी नरेगा के जॉबकार्डधारी परिवारों को स्टापडेम निर्माण होने से गांव में ही रोजगार मिला। रोजगार सहायक राजपाल गाड़ा ने बताया कि स्टापडेम में 82 जॉबकार्डधारी परिवार के सदस्यों ने काम करते हुए 2 हजार 320 मानव दिवस सृजित किये। बाबूलाल पिता अच्छेराम, बरातू पिता समझराम, करन पिता रामलाल ने महात्मा गांधी नरेगा में काम भी किया और इनकी नरवा के पास जमीन भी है, जिससे इन्हें अपनी सलों में पानी भी मिलने लगा है। नरवा पुनर्जीवन की इस परियोजना पर तकनीकी मार्गदर्शन दे रहे तकनीकी सहायक अब्दुल कामिल सिद्दीकी बताते हैं कि प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप योजना एनजीजीबी के तहत महात्मा गांधी नरेगा से नरवा प्रोजेक्ट कार्यक्रम फेस 1 के तहत स्टापडेम का निर्माण कार्य किया गया है। छिनपुरवा नाले में स्टापडेम बनने के बाद से जलस्तर में सुधार देखने को मिल रहा है, वहीं नरवा से लगी भूमि में नमी की मात्रा बनी रहने लगी है। इससे आसपास के किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

#### रीपा के ग्रामीण उद्यमी को मिला रोजगार

नरवा प्रोजेक्ट से जहां एक ओर जल संरक्षण का कार्य किया गया, तो वहीं दूसरी ओर महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क ग्राम पंचायत पचेडा में कंस्ट्रकशन एण्ड एग्रो फेब्रिकेशन यूनिट से जुड़े युवा उद्यमियों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। स्टापडेम में लगाए जाने वाले लोहे के गेट को तैयार करने का काम पचेड़ा के फेब्रिकेशन यूनिट चलाने वाले युवाओं के द्वारा किया गया। इससे शासकीय योजनाओं में अभिसरण के कार्यों से ग्रामीणों को आगे बढ़ाया जा रहा है। स्टापडेम में बनाए गए लोहे के गेट से रीपा से जुड़े उद्यमियों को फायदा मिला है और उनकी आजीविका का साधन भी निर्मित हुआ।

## आरटीई तृतीय चरण की लॉटरी एवं आबंटन 31 अगस्त एवं 01 सितम्बर को

### स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया 02 से 05 सितम्बर तक

**रायपुर।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) अंतर्गत रिक्त सीटों पर तृतीय चरण की लॉटरी 31 अगस्त एवं 01 सितम्बर को निकाली जाएगी। लॉटरी से आबंटन के बाद स्कूलों में दाखिला की प्रक्रिया 02 सितम्बर से 05 सितम्बर तक होगी। गौरतलब है कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत वर्तमान में वर्ष 2023-24 में प्रदेश के निजी विद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। प्रक्रिया के तहत क्रमशः दो चरणों में लॉटरी की प्रक्रिया की गई है, परन्तु दो चरणों की लॉटरी के उपरांत भी निजी विद्यालयों में सीट रिक्त रह गई है। पालकों एवं विभिन्न माध्यमों से इन रिक्त सीटों को भरने के लिए प्रति चरण की लॉटरी किए जाने के संबंध में अनुरोध किया जा रहा है। ऐसी रिक्त सीटों को भरने के लिए नवीन आवेदन न लेते हुए शेष बचे आवेदनों पर तृतीय चरण की लॉटरी करने का निर्णय लिया गया है।

संचालक लोक शिक्षण सुनील जैन ने इस संबंध में सभी संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा को अपने अधीनस्थ जिलों में संबंधितों को इस जानकारी से अवगत कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है।

## रंग-बिरंगी राखियां से सजेगी भाईयों की कलाईयां

### रीपा में महिलाएं तैयार कर रही हैं आकर्षक राखियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाईयों की कलाईयों पर स्व-सहायता समूहों की बहनों की राखियां एक बार फिर सजेंगी। राज्य के गौठानों में स्वसहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में राखियां तैयार कर रही हैं। राखियों में परम्परा के अनुरूप मौली-धागा, मोती जैसी अन्य वस्तुओं का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये



राखियां आकर्षक होने के साथ-साथ भाई-बहनों के प्यार का प्रतीक भी हैं।

राज्य के कबीरधाम जिले में भी महिला स्वसहायता समूह द्वारा रंग-बिरंगी राखियां बनायी जा रही है, जिसकी मांग बाजार में अच्छी-खासी बनी हुई है। ग्राम मैनपुरा की महालक्ष्मी महिला स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत मजगांव की कुसुम महिला ग्राम संगठन एवं अन्य समहू द्वारा तैयार की जा रही राखियों से इन समूहों को अच्छी आमदनी हो रही है। अब तक लगभग 15 से 20 हजार रुपए की राखियां बेची जा चुकी हैं। राखियां लोगों को बहुत पसंद आ रही हैं और हाथों-हाथ बिक रही हैं।

उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में शुरू किए गए रीपा में ग्रामीणों को आजीविका के नए साधनों से जोड़ने के लिए नई-नई आर्थिक गतिविधियां शुरू की जा रही है। इसी कड़ी में महिला समूहों द्वारा राखियां तैयार की जा रही हैं।

## स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्राचार्य डॉ. बृजेश पाण्डेय राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित

### शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति के हाथों होंगे सम्मानित

मुख्यमंत्री बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री चौबे ने दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल ब्रम्हपारा अम्बिकापुर के प्राचार्य डॉ. बृजेश पाण्डेय को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2023 के लिए चयनित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्राचार्य डॉ. पाण्डेय को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित करेंगी।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने डॉ. पाण्डेय को बधाई देते हुए कहा है कि प्रदेश में बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की स्थापना की गई है। स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य डॉ. पाण्डेय का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए होने से अन्य स्कूलों के शिक्षकों एवं प्राचार्यों को प्रेरणा मिलेगी। स्कूल शिक्षा के लिए इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से सरगुजा जिले सहित प्रदेश के शिक्षा जगत में उत्साह का माहौल है।

राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित डॉ. बृजेश पाण्डेय ने विज्ञान के प्रति अभिरूचि जगाने के साथ बाल वैज्ञानिकों को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया। उनके दिशा-निर्देशन में कई बाल वैज्ञानिकों का मॉडल राष्ट्रीय स्तर में प्रदर्शित हो चुका है। डॉ. पाण्डेय वर्ष 2018 में राज्यपाल पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके है। प्राथमिक शिक्षा के बच्चों के लिए एक्टिविटी बुक के निर्धारण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जनचौपालः युवाओं ने सेंट्रल लाइब्रेरी में पेयजल सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए किया आग्रह

### जनचौपाल में आए 54 आवेदन, कलेक्टर ने अधिकारियों को समाधान करने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** जनचौपाल में नागरिकों ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने, अवैध कब्जा हटाने, ईलाज के लिए सहायता सहित अन्य समस्याओं पर आवेदन दिए। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने उनकी समस्याएं सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द निराकरण के निर्देश दिए। जनचौपाल में 54 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई और एसडीएम देवेन्द्र पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



जिले के बीरगांव नगर निगम के इंदिरा गांधी वार्ड के निवासी संतोष यादव ने पट्टा दिलाने के लिए आवेदन करते हुए कहा कि उनका परिवार लंबे समय से निवासरत है परंतु अब तक पट्टा नहीं मिला है। जिसके अभाव में प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। अतः हमें नगर पालिक निगम से जल्द पट्टा दिलाने का कष्ट करें। साथ ही अभनपुर के ग्राम बिरोदा कि निवासी रामलाल साहु सहित अन्य ने कहा कि उनकी जमीन भारतमाला प्रोजेक्ट के दायरे में आ रही है। अतः अधिकृत जमीन का मुआवजा देने का कष्ट करें। इसी प्रकार राजधानी के युवाओं के समूह ने सेंट्रल लाइब्रेरी में महिला प्रसाधन ठीक कराने, रीड़िग रूम में एयरकंडीशन लगाने, पर्किंग में सुधार और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराने आग्रह किया। इस पर कलेक्टर डॉ भुरे ने अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

जनचौपाल में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के नागरिक जनों ने सीसी रोड़ की मरम्मत करने, आवारा कुत्तों की समस्या, अंबेडकर चौक में नाली की सफाई करवाने आवेदन दिया। गुढ़ियारी निवासी केराबाई बंजारे ने प्रधानमंत्री आवास दिलवाने का आग्रह किया। तिल्दा नेवरा के वार्ड-15 के निवासियों ने आवेदन देते हुए कहा कि उनके नजूल भूमि से संबंधित प्रकरण तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। लेकिन पटवारी और आरआई तिल्दा नेवरा में उपलब्ध नही होने के कारण प्रकरण का समाधान नही हो रहा है। अतः प्रकरण को रायपुर में स्थानांतरित किया जाए। साथ ही उत्कल नगर निवासी शंभू बाग के बिना अनुमति मकान के पीछे दीवार और सीढ़ी बनाए जाने की शिकायत करते हुए कार्रवाई करने का आग्रह किया। इसी प्रकार धरसींवा तहसील के ग्राम तेंदवा के छेदी लाल साहु और कुसुम दिक्षित ने ग्राम डूमरतालाब में स्वयं की भूमि का सीमांकन कराने का आवेदन दिया। साथ ही अन्य नागरिकों ने भी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दिया।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243


















### इस रक्षाबंधन पर अपनी बहन को करना है खुश?

# तुरंत खरीद लें ये एक्साइटिंग गिफ्ट

रक्षाबंधन का त्योहार भाइयों और बहनों के लिए एक खास त्योहार होता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों को राखी बांधती हैं और उनसे उम्रभर उनके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा की रक्षा करने का वचन लेती हैं। रक्षाबंधन का ये त्योहार भाई और बहन के प्रेमपूर्ण और खट्टे-मीठे रिश्ते का प्रतीक है। हर भाई और बहन को इस पर्व का बेसब्री से इंतजार रहता है। बहनें भाइयों को कलाई पर राखी बांधती हैं और उनसे तोहफे की मांग करती हैं। कई बहनें तो रक्षाबंधन का त्योहार आने से पहले ही अपने भाइयो को यह बता देती हैं कि उन्हें क्या गिफ्ट चाहिए। हालांकि कुछ बहनें गिफ्ट का फैसला अपने भाइयों पर ही छोड़ देती हैं।



जब बात लड़कियों को गिफ्ट देने की आती है तो लड़के अक्सर कन्फ्यूज नजर आते हैं। ज्यादातर भाई भी इस बात को लेकर परेशान रहते हैं कि उन्हें रक्षाबंधन पर अपनी बहन को क्या गिफ्ट देना चाहिए। अगर आप भी यह डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं कि आपको अपनी बहन को क्या तोहफा देना चाहिए तो परेशान न हों। क्योंकि हम आपके लिए कुछ ऐसे गिफ्ट आइडियाज़ लेकर आए हैं, जो आपकी बहन को खूब पसंद आने वाले हैं।

### रक्षाबंधन पर बहन को दें ये गिफ्ट

**घड़ी:-** अगर आपकी बहन घड़ी पहनने की शौकीन है तो गिफ्ट देने के लिए इससे अच्छा आइडिया और कुछ नहीं हो सकता।

**ब्रेसलेट:-** आप अपनी बहन को ब्रेसलेट भी गिफ्ट कर सकते हैं। क्योंकि अधिकतर लड़कियों को ब्रेसलेट पहनने का काफी शौक होता है और अगर ऐसा तोहफा उन्हें अपने भाई से मिलेगा तो वह काफी खुश हो जाएंगी।

**कपड़े:-** आप अपनी बहन को उनकी कोई मनपसंद ड्रेस भी गिफ्ट कर सकते हैं, जैसे- सूट, साड़ी, वन पीस, गाउन, कुर्ता आदि।

**गहनें:-** जूलरी पहनना लड़कियों को काफी पसंद होता है। आप अपनी बहन को गोल्ड या डायमंड का नेकलेस, रिंग, इयररिंग आदि गिफ्ट कर सकते हैं।

**मेकअप किट:-** यह तो सभी जानते हैं कि महिलाओं को मेकअप करने का बड़ा शौक होता है। वह कपड़े के बाद सबसे ज्यादा खर्चा इन्हीं चीजों पर करती हैं। अगर आपकी बहन भी मेकअप करना पसंद करती है तो आप उसे एक मेकअप किट गिफ्ट कर सकते हैं।

**ईयरबड्स:-** आजकल ईयरबड्स का इस्तेमाल हर व्यक्ति करने लगा है। शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे ईयरबड्स जैसा गिफ्ट पसंद ना आए। आप अपनी बहन को ईयरबड्स भी गिफ्ट कर सकते हैं।

**स्मार्ट वॉच:-** आजकल युवाओं में स्मार्ट वॉच का एक अलग ही क्रेज देखने को मिलता है। लड़का हो या लड़की, दोनों ही स्मार्ट वॉच पहनना काफी पसंद करते हैं। अगर आपकी बहन भी स्मार्ट वॉच पहनने के सपने देखती है तो आप उसे इस रक्षाबंधन पर ये खूबसूरत तोहफा दे सकते हैं।



## सावधान! इन बीमारियों की वजह से दिख सकता है धुंधला, समय रहते संभल जाएं

आजकल लाइफस्टाइल इतनी खराब होती जा रही है कि आंख से जुड़ी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। कम उम्र में ही लोगों को धुंधला दिखाई देने लगा है। हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, आंखों की कई बीमारियों की वजह से साफ न देख पाने की समस्या हो सकती है। हालांकि, कई बार दूसरी गंभीर बीमारियों की वजह से भी धुंधला दिखाई दे सकता है। युवाओं में स्मार्टफोन विजन सिंड्रोम की वजह से आंखों में धुंधलापन की समस्या आ रही है। अगर इलाज के बाद भी समस्या दूर नहीं हो रही है तो डॉक्टर से मिलकर स्वास्थ्य चेकअप करवाना चाहिए। आइए जानते हैं आंखों में धुंधला दिखने का कारण।

### स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताना

लंबे समय तक स्क्रीन पर समय बिताने से आंखों से धुंधला नजर आने लगता है। स्क्रीन पर देखते समय कई बार पलकें कम झपकाते हैं, इसकी वजह से आंखों की सतर को चिकनाहट और तरोताजा रखने के लिए आंसू कम होने लगते हैं। इस वजह से धुंधला नजर आने लगता है।

### शुगर लेवल

शुगर लेवल कंट्रोल में न रहने की वजह से भी आंखों की समस्याएं खासकर धुंधला दिखना शुरू हो सकता है। ज्यादातर मामलों में ग्लूकोज लेवल सामान्य होने के साथ ये समस्या भी कम होने लगती है। डायबिटीज मरीजों को रेटिनोपैथी, आंख के पिछले हिस्से में रक्तस्राव और आंखों से जुड़ी समस्याओं का खतरा ज्यादा रहता है। इसलिए डायबिटीज को कंट्रोल रखने की कोशिश करनी चाहिए।

### ब्लड प्रेशर

ब्लड प्रेशर कम या ज्यादा होना दोनों खतरनाक होता है। इसकी वजह से कमजोरी और चक्कर आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यह आंखों को प्रभावित करने वाला भी हो सकता है। अगर ब्लड प्रेशर बहुत कम या ज्यादा है और दवाईयां खा रहे हैं तो धुंधला दिखने की समस्या हो सकती है।

### माइग्रेन

माइग्रेन की समस्या से परेशान एक चौथाई लोगों में धुंधला दिखाई देने की समस्या हो सकती है। कई बार सिरदर्द के बिना या बाद में भी आंखों से जुड़ी समस्या हो सकती है। सीवियर माइग्रेन की समस्या में ये परेशानियां हो सकती हैं।



# श्वेता शारदा करेंगी मिस यूनिवर्स 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व

मिस डीवा मिल गई है, जो 72वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। ये खिताब जीता है चंडीगढ़ की श्वेता शारदा ने। बीती रात मुंबई में मिस डीवा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें श्वेता के सिर मिस डीवा का ताज सजा। उन्होंने कई हसीनाओं को पछाड़ यह खिताब अपने नाम किया। अब श्वेता को मिस यूनिवर्स 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी मिली है। आइए उनके बारे में विस्तार से जानें।

श्वेता चंडीगढ़ से हैं। 16 साल की उम्र में वह मुंबई आ गई थीं। श्वेता न सिर्फ मॉडलिंग, बल्कि डांस करने में भी माहिर हैं। उनकी उम्र 22 साल है। वह डांस दीवाने, डांस प्लस और डीआईडी सहित कई रियलिटी शो में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं। यही नहीं श्वेता ने शो झलक दिखला जा में कोरियोग्राफर के तौर पर भी हिस्सा लिया था।

फेमिना के मुताबिक, श्वेता ने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री ली है।

एक इंटरव्यू में श्वेता ने बताया था कि उनकी जिंदगी का सबसे गर्व भरा पल वो था, जब उन्होंने दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ, मौनी रॉय और माधुरी दीक्षित संग काम किया और उनसे डांस सिखा। उन्होंने बताया कि उन्हें सबसे ज्यादा प्रेरित सुष्मिता सेन ने किया है। श्वेता का मानना है कि हर लड़की को खुद को सुरक्षित रखने के लिए अच्छी शिक्षा और आत्मविश्वास की जरूरत होती है। एक सुरक्षित संसार के लिए लड़कियों को मजबूत बनाना जरूरी है।

श्वेता को इंस्टाग्राम पर 4 लाख से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। उन्हें हाल ही में जाने-माने गायक जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार के गाने मस्त आंखें के म्यूजिक वीडियो में देखा गया था। मिस डीवा यूनिवर्स 2023 प्रतियोगिता में सवाल-जवाब के दौरान जब श्वेता से उनके जीवन के सबसे प्रभावशाली व्यक्ति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने झट से अपनी मां का नाम लिया। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो श्वेता की परवरिश अकेले उनकी मां ने की है।

हर साल की तरह इस साल भी मिस यूनिवर्स 2023 का आगाज होने जा रहा है। यह इसका 72वां संस्करण होगा। ये प्रतियोगिता 18 नवंबर को अमेरिका के अल साल्वाडोर में आयोजित होगी। प्रतिस्पर्धा के लिए 54 देशों की सुंदरियों का चयन किया गया है। खास बात यह है कि 66 सालों में ऐसा पहली बार होगा, जब इस प्रतियोगिता में शादीशुदा महिलाएं और माएं भी भाग ले सकेंगी। यह नियम इसी साल लाया गया है।

## राम पोथिनेनी की स्कंद का ट्रेलर आउट

प्रसिद्ध निर्देशक बोयापति श्रीनु, जो अपनी ब्लॉकबस्टर अखंडा के लिए जाने जाते हैं, स्कंद के साथ वापस आ गए हैं, जिसमें राम पोथिनेनी और श्रीलीला मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म ने सिनेप्रेमियों के बीच अपार प्रत्याशा पैदा कर दी है, और निर्माताओं ने हाल ही में नाटकीय ट्रेलर का अनावरण किया है। ट्रेलर बोयापति के ट्रेडमार्क एक्शन दृश्यों और प्रभावशाली संवादों से परिपूर्ण है। राम अपने सामूहिक अवतार में प्रभावशाली ढंग से तेलंगाना भाषा का उच्चारण करते हुए दिखाई देते हैं। ट्रेलर के अंत में राम पोथिनेनी का आश्चर्यजनक परिवर्तन देखा जा सकता है। ऐसा लगता है कि बोयापति ने पारिवारिक भावनाओं के साथ शक्तिशाली कार्रवाई का संयोजन करते हुए अपनी विशिष्ट शैली पेश की है। उत्पादन मूल्य सराहनीय हैं। हालांकि ट्रेलर कथानक का विस्तार से खुलासा नहीं करता है, लेकिन यह बड़े पैमाने पर तत्वों की मजबूत उपस्थिति का संकेत देता है। फिल्म में सई मांजरेकर भी अहम भूमिका में हैं। श्रीनिवास चित्तूरी के पर्याप्त बजट द्वारा समर्थित, श्रीनिवास सिल्वर स्क्रीन बैनर के तहत, स्कंद ज़ी स्टूडियो साउथ और पवन कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म 15 सितंबर को रिलीज होने वाली है।



## अनन्या पांडे ने फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर



अनन्या पांडे इन दिनों अपनी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस जमकर अपनी फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। उनके लेटेस्ट लुक की बात करें तो अनन्या पांडे ने इंस्टाग्राम पर अपना स्टाइलिश और ग्लैमरस लुक शेयर किया है। डेनिम ऑफ शोल्डर टॉप और जींस में अनन्या बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। अनन्या पांडे ने इंस्टाग्राम पर अपना स्टाइलिश लुक शेयर किया है। इंटरनेट पर अनन्या पांडे के इस अवतार को काफी पसंद किया जा रहा है। अनन्या पांडे ने ब्लू कलर की डेनिम ड्रेस में बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। अनन्या पांडे ने इस आउटफिट के साथ लाइट मेकअप कैरी किया हुआ है। खुले बालों में अनन्या बेहद बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

अनन्या पांडे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम अक्सर अपनी बोल्ड फोटो शेयर करती रहती हैं। अनन्या पांडे का इंस्टाग्राम उनकी स्टनिंग और सिजलिंग फ ोटो से भरा हुआ है। अनन्या पांडे का करियर इन दिनों काफी अच्छा चल रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार अनन्या पांडे को कई बड़ी फिल्मों के लिए ऑफर आ रहे हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# कलेक्टर के निर्देश पर श्रवण मुकबधिर बालिकाओं का मौके पर बना राशन कार्ड

**आगे की पढ़ाई एवं स्वरोजगार हेतु विभागीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने के दिए अधिकारियों को निर्देश**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। रायगढ़ के ग्राम कुसमुरा निवासी श्रीमती राम बाई एवं पति दिलचंद अपनी बेटियां दिपिका, प्रेमलता एवं गंगाबाई के साथ जन चौपाल में राशन कार्ड एवं दिव्यांग पेंशन की मांग हेतु आवेदन लेकर पहुंचे थे। उनके पिता दिलचंद ने बताया कि उनकी तीनों बेटियां व पत्नी शत-प्रतिशत श्रवण एवं मुकबधिर हैं। उन्होंने राशन कार्ड एवं दिव्यांग पेंशन प्रदान करने के लिए निवेदन किया।**



कलेक्टर श्री सिन्हा ने उनके पिता से बेटियों की शिक्षा की जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ने बेटियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने पर उनके पिता की सराहना की और मौके पर ही उन्होंने राशन कार्ड प्रदान किया एवं पेंशन प्रकरण की अतिशीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने उनकी दो बेटियों की आगे की शिक्षा हेतु समाज कल्याण, शिक्षा विभाग तथा स्व-रोजगार के लिए सिलाई मशीन प्रदान करने श्रम विभाग को निर्देशित किया। इसी तरह विकासखण्ड तमनार के ग्राम-धौराभांठा निवासी गोकुलचंद खम्हारी राशन कार्ड के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। जिन्हें मौके पर ही राशन कार्ड प्रदाय किया गया।

इसी प्रकार तहसील खरसिया के ग्राम बानीपाथर निवासी राम कुमार रौतिया आज ट्रायसाइकल की मांग को लेकर जनचौपाल में आए थे। उन्होंने बताया कि अस्थि बाधित होने से उन्हें आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने ट्राइसाइकल प्रदान करने का निवेदन किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग को उक्त आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। विकासखंड तमनार के ग्राम केशरचुवां के ग्रामवासियों ने स्कूल भवन, बाउण्ड्री वाल एवं शौचालय के निर्माण की मांग हेतु आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत केशरचुवां के आश्रित ग्राम कर्रापाली का स्कूल भवन जर्जर चुका हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। स्कूल में शौचालय भी उपयोग लायक नही तथा बाउड्रीवाल नहीं होने से स्कूल परिसर में रोपित पौधे मवेशी से सुरक्षित नही है।

ग्राम वासियों ने ग्राम नए भवन, शौचालय एवं बाउड्रीवाल निर्माण के लिए निवेदन किया। कलेक्टर श्री सिन्हा ने आवेदन के निराकरण के लिए सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया। आयोजित जनचौपाल में ग्राम पंचायत पंडरीपानी से लगे हुए क्षेत्र के लोगों ने पेयजल समस्या के निराकरण की मांग हेतु आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि बोर खोदने के पश्चात भी पानी नही होने से उन्हे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन का कार्य किया जा रहा है, लेकिन उनके क्षेत्र में नल कनेक्शन नही पहुंचने से उनके परिवारों को पेयजल के लिए दिक्कतों का सामना कर पड़ रहा है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने पीएचई को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए।

जनचौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, वनअधिकार पत्र, पेंशन, श्रम, राशन आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। आज आयोजित जन चौपाल में कुल 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी आवेदन को जिला स्तरीय अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयुक्त निगम सुनील चंद्रवशी, संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे, डिप्टी कलेक्टर एस.के.कंवर एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच की शुरू हुई पैदल यात्रा




श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ में सभी विषयों में छत्तीसगढ़ी माध्यम से पढ़ाई, सरकारी कामकाज में छत्तीसगढ़ी को अनिवार्य करने, पहली से पांचवी तक छत्तीसगढ़ी भाषा में पढ़ाई, जैसे कई मांगों को लेकर मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच ने आज पैदल यात्रा निकाली।**

मायामाया मंदिर से सुबह 7 बजे से शुरू हुई पैदल यात्रा शहर के कई प्रमुख स्थानों से होकर कलेक्ट्रेट स्थित महतारी चौक में संपन्न हुई।

छत्तीसगढ़ी राजभाषा के संस्थापक नंद कुमार शुक्ल ने पैदल यात्रा शुरू होने से पहले मीडिया से चर्चा में कहा कि महतारी भाषा माध्यम होना चाहिए. एक विषय नहीं होना चाहिए, महतारी भाषा माध्यम होनी चाहिए. हमारा जो अभियान है, पूरी महतारी भाषा - छत्तीसगढ़ी, गोंडी, हरदी पहली से लेकर पांचवी तक पढ़ाई का माध्यम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाषा विषय के रूप में रूप में होना अलग बात है. माध्यम भाषा बने, यह एक अलग बात है. भाषा केवल विषय बने, यह अलग विषय है. लेकिन माध्यम महतारी भाषा हो. इसको लेकर पैदल यात्रा राजधानी रायपुर में निकाली जा रही है. महामाया मंदिर से इसकी शुरुआत हो रही, और कलेक्ट्रट चौक स्थित महतारी चौक में इसका समापन होगा. यह पैदल यात्रा लगातार जारी रहेगी।

पैदल यात्रा में शामिल हुए गौ सेवक आयोग के अध्यक्ष रामसुंदर दास ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सारे कार्यालय में, यहां तक की विधानसभा में भी छत्तीसगढ़ी में प्रश्न पूछें. इसमें मंत्री और संतरी छत्तीसगढ़ी भाषा में संबंधित उत्तर दें, ऐसी बात हुई थी. लेकिन उतनी ज्यादा अभी तक प्रचलित नहीं हो पाई है. इसी बात की चिंता कर आज सुबह पदयात्रा में निकले हैं. मुझे पूरा विश्वास है कि यह जो जन-जागृति के काम किया जा रहा है, यह निश्चित रूप से पूरा होगा. छत्तीसगढ़ी भाषा सबकी भाषा बनेगी।

## खास खबर

### राष्ट्रीय जल जीवन मिशन टीम ने जिले के 16 गांव में चल रहे कार्यों का किया अवलोकन

**राजनांदगांव।** हर घर नल से जल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किए गए राष्ट्रीय जल जीवन मिशन की टीम द्वारा राजनांदगांव जिले के 16 गांव में चल रहे कार्यों का अवलोकन किया गया। जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के श्री कुलदीप कुमार एवं श्री अनिल कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जल जीवन मिशन टीम द्वारा जिले के ग्राम बघेरा, देवादा, मुड़पार, मासूल, मानपुर, गिरगाव, दिवानझीटिया, गोडरी, ओडारबंध, मलाइडबरी, भंवरमरा, केशला, टप्पा, गाटाटोला, भैंसातरा और जोगीदल्ली में जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों का अवलोकन कर जानकारी ली गई। राष्ट्रीय जल जीवन मिशन टीम द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए बनायी गयी ग्राम जल स्वच्छता समिति के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। हर घर शुद्ध जल पहुंचाने के लिए जल की जांच हेतु बनी महिलाओं की टीम जल बहिनियों ने टीम को जल की गुणवत्ता का परीक्षण कर दिखाया। टीम द्वारा जल के उपयोगिता के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए। टीम द्वारा गांव में जेजेएम तहत कनेक्शन दिए गए कुल घरों की संख्या, ग्रेवाटर प्रबंधन के निस्तारण, संचालन एवं रखरखाव हेतु क्षमता विकास प्रशिक्षण अंतर्गत दिए गए मानव संसाधन की जानकारी तथा शासन द्वारा प्राप्त राशि का आय-व्यय की जानकारी ली गई। जमीनी स्तर पर मिशन को सुचारू चलाने के लिए ग्रामीणों से ली जाने वाली अंशदान राशि को ग्राम जल स्वच्छता समिति के खाते में समय-समय पर जमा करने निर्देश दिए गए। टीम द्वारा फील्ड में हर घर जाकर पानी की मात्रा जांच की गयी एवं ग्रामीणों से चर्चा कर जल जीवन मिशन योजना की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। टीम द्वारा जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों पर संतुष्टी जाहिर की और कुछ स्थानों पर आ रहे कमियों को दूर करने कहा।

### प्रयास विद्यालयों में केवल मेरिट के आधार पर मिल रहा प्रवेश, फर्जी फोन कॉल से रहें सतर्क

**कोरबा।** जिले में प्रयास आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2023-24 में प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। प्रवेश के संबंध में ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि विद्यार्थियों के मोबाइल नंबर लेकर उनके अभिभावकों को फोन करके उनके बच्चों को प्रयास विद्यालयों में प्रवेश कराने के एवज में राशि की मांग की जा रही है तथा उनके बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित कराने का दावा किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरबा ने इस संबंध में सभी पालकों को सूचित किया है कि ऐसी किसी भी फोन पर दी जा रही गलत सूचना पर ध्यान न दें, ना ही इनके झांसे में आकर कोई भी रकम अथवा राशि न दें। ऐसे धोखाधड़ी करने वालों पर निकटस्थ थाने में एफआईआर दर्ज कराएं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया के लिए पारदर्शी एवं स्वच्छ प्रक्रिया अपनाई गई है। किसी को कोई भी आशंका होने पर विभाग के दूरभाष क्रमांक 0771-2263708 पर संपर्क कर सकते हैं।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नववधुओं का सम्मान कर किया गया जागरूक

**महासमुंद ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक और स्वीप कमेटी के नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस. आलोक द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम अर्थात स्वीप कार्यक्रम के जरिए मतदान के प्रति जागरूकता लाने और निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए जिले में गहन कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती बद्रिका ध्रुव द्वारा भंवरपुर बसना में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत नववधुओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

### संभागीय शालेय प्रतियोगिता में सूरजपुर विजयी

**सूरजपुर।** शालेय संभागीय खेल कूद प्रतियोगिता के अंतर्गत 25 अगस्त से 26 अगस्त 2023 तक दो दिवस शासकीय कन्या क्रीडा परिसर अम्बिकापुर एवं शा बहुउद्देषीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर के क्रीड़ागन में 14 वर्ष आयु ग्रुप के तहत बालक एवं बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें सरगुजा संभाग के सभी जिलों की चयनित टीमें शामिल हुई। जिसमें बालक वर्ग में सूरजपुर जिले की टीम विजेता एवं बालिका टीम उप विजेता रही। बालिका कबड्डी में सूरजपुर के बालिकाओ ने फाईल मैच जीत कर खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर राम ललित पटेल जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा समस्त खिलाड़ियों, कोच एवं मैनेजर को बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना किया गया।

# मतदाता जागरूकता अभियानः विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** श्री गोविंद राम शदाणी शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय देवेंद्र नगर रायपुर में प्राचार्य डॉ अमिताभ बैनर्जी के मार्गदर्शन एवं श्रीमती उषा अग्रवाल के निर्देशन में नोडल अधिकारी डॉ मनीषा गर्ग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में आज दिनांक 28 अगस्त 2023 को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया द्यप्रथम स्थान पर बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा अनू गुप्ता रही तथा द्वितीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सृष्टि पाणिकर ने प्राप्त किया वहीं पीहू मिश्रा बीएससी प्रथम वर्ष बायो की तृतीय स्थान पर रही

कार्यक्रम में जज के तौर पर डॉ वर्षा वर्मा एवं श्रीमती हर्षा कोसले की उपस्थिति रही।

# इस राखी पर 10 हजार करोड़ रुपये के व्यापार होने का अनुमान

श्रीकंचपनथ न्यूज

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि देश भर के व्यापारियों के शीर्ष संगठन कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रदेश भर के व्यापारियों को सलाह दी है की क्योंकि 30 अगस्त को सारे दिन भद्रा काल है जिसमें कोई भी मंगल कार्य निषेध है, इसलिए देश भर के व्यापारी 31 अगस्त को ही रक्षाबंधन का पवित्र त्यौहार मनाएँ। 31 अगस्त को यह त्यौहार मनाना पूर्ण रूप से शास्त्रसम्मत है। कैट ने इस तरह की एडवाइजरी आज देश के सभी व्यापारी संगठनों को भेजी है।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया इस विषय पर कल कैट का एक प्रतिनिधिमंडल देश के सुप्रसिद्ध राम कथा वाचक अजय भाई एवं देश के विशिष्ट ज्योतिषाचार्य एवं वैदिक ज्ञान के प्रकांड विद्वान आचार्य दुर्गेश तारे से कल मिला और उनसे प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश सहित देश भर में 31 अगस्त को ही रक्षा बंधन मनाया जाना तय हुआ। दूसरी तरफ़ शास्त्रों एवं भद्रा काल का हवाला देते हुए कैट ने केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सचिव श्री गोविंद मोहन से आग्रह किया है की वस्तुस्तिथि को देखते हुए 31 अगस्त को ही सरकारी अवकाश घोषित किया जाए जिससे सभी लोग उत्साह एवं उल्लास के साथ भाई बहन के पवित्र रिश्ते के अनूठे त्यौहार रक्षा बंधन को मना सकें। सरकार द्वारा 31 अगस्त को रक्षाबंधन की छुट्टी यदि घोषित होती है तो बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारी, बैंककर्मी सहित स्कूल एवं कॉलेज तथा प्राइवेट कंपनियों के लोग भी भद्रा काल की बजे शुभ समय में इस पर्व को मना सकेंगे।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया की इस वर्ष राखी पर लगभग 10 हज़ार करोड़ रुपये के व्यापार होने की उम्मीद है जबकि पिछले वर्ष यह व्यापार लगभग 7 हज़ार करोड़ रुपये का था वहीं वर्ष 2021 यह व्यापार 6 हज़ार करोड़ रुपये का था जबकि वर्ष 2020 में 5 हज़ार करोड़ , वर्ष 2019 में 3500 करोड़ तथा वर्ष 2018 में 3 हज़ार करोड़ था।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया की इस वर्ष राखियों की एक विशेषता यह भी है कि इनमें देश के विभिन्न शहरों के मशहूर उत्पादों से विशेष प्रकार की राखियाँ भी बनाई गईं है जिनमें नागपुर में बनी खादी राखी, जयपुर में सांगानेरी कला राखी, पुणे में बीज राखी, मध्य प्रदेश के सतना में ऊनी राखी, आदिवासी वस्तुओं से बनी बांस की राखी, असम में चाय पत्ती राखी, कोलकाता में जूट राखी, मुंबई में रेशम राखी, केरल में खजूर राखी, कानपुर में मोती राखी, बिहार में मधुबनी और मैथिली कला राखी, पांडिचेरी में सॉफ्ट पत्थर की राखी, बैंगलोर में फूल राखी आदि शामिल हैं वहीं देश का गर्व प्रदर्शित करने वाली तिरंगा राखी, चंद्रयान राखी, जी 20 के स्लोगन वसुधैव कुटुंबकम की राखी, भारत माता की राखी आदि शामिल हैं

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने बताया की उम्मीद है कि 30 अगस्त, रक्षा बंधन से शुरू होकर 24 नवंबर, तुलसी विवाह के दिन तक त्योहारी अवधि के दौरान, सामानों की बिक्री के माध्यम से देश के बाज़ारों में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की बिक्री होने की उम्मीद है। इस वर्ष त्यौहार श्रृंखला रक्षा बंधन से शुरू होगी और जन्माष्टमी, गणेश त्यौहार, नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा, करवा चौथ, धनतेरस, दिवाली, गोवर्धन पूजा, छठ पूजा सहित अन्य त्यौहारों सहित तुलसी विवाह के दिन सम्पन्न होगी।

**रोजगार मेला में 333 कर्मियोंको सौंपा गया नियुक्ति-पत्र**

# पीएम के रोजगार सृजन प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में रोजगार मेला एक ऐतिहासिक कदम- रेणुका सिंह

श्रीकंचपनथ न्यूज



**रायपुर (पीआईबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केरोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरो करने की दिशा में रोजगार मेला एक ऐतिहासिक कदम है । यह बात आज,केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के भिलाई गांव, आरंग-रायपुर स्थित ग्रुप केन्द्र में आयोजित रोजगार मेला-8 के अवसर पर केन्द्रीय जनजाति कार्य राज्यमंत्री, श्रीमती रेणुका सिंह सरूता ने कही ।

समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रोजगार मेला भविष्य में रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि रोजगार मेला का आयोजनभारत सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं ।

इस अवसर पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद, सुनील सोनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), छत्तीसगढ़ सेक्टर के पुलिस महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल,ग्रुप केन्द्र, आरंग,रायपुर के पुलिस उपमहानिरीक्षक, बलराम बेहेरासहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

ग्रुप केन्द्र में आयोजित रोजगार मेला-8 में केन्द्रीय गृह मंत्रालय से संबद्ध संस्थानों के 333 चयनित अभ्यर्थियों कोकेन्द्रीय जनजाति कार्य राज्यमंत्री, श्रीमती रेणुका सिंह सरूता औररायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद, सुनील सोनी द्वारानियुक्ति पत्र सौंपे गए। इनमें केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल में चयनित162, आसाम राइफ्ल्स में 13, सीमा सुरक्षा बल में 26,केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में 20 भारत तिब्बत सीमा पुलिस में 65 और सशस्त्र सीमा बल में चयनित 47 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए ।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज,देश के 45 स्थानों में आयोजित रोजगार मेला-8 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरियेसंबोधित किया और इस मौके परकेन्द्रीय गृह मंत्रालय से संबद्ध संस्थानों के चयनितनव-नियुक्तों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए ।

### बायो मेट्रिक के माध्यम से होगी समर्थन मूल्य में धान एवं मक्का खरीदी

**बालोद।** राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्के की खरीदी बायो मेट्रिक के माध्यम से की जाएगी। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले के सभी पात्र कृषकों को इस योजना का लाभ दिलाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। जिले के सभी सहकारी समितियों में किसान पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 निर्धारित की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डीलोहारा श्रीमती प्रतिमा ठाकरे झा डौण्डीलोहारा विभाग में इस कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु आज नगर पंचायत सभाकक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### 8 लाख लोन देने का झांसा देकर एक लाख ठग लिए

**कांकेर ( ए )।** साइबर फर्जीवाड़ा के मामले रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। शहर के भंडारीपारा में एक महिला को फर्जी बैंक ऑफिसर बन 8 लाख का लोन दिलाने का झांसा देकर एक लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना कर रही है।

भंडारीपारा निवासी केशवती यादव 23 वर्ष पति निखिल के पास 23 जुलाई को मोबाइल नंबर 9038204119 से पहले मैसेज आया जिसमें उसके नाम 8 लाख का लोन स्वीकृत होने का उल्लेख था। कुछ समय बाद उसी नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने स्वयं को केनरा बैंक का मैनेजर बताते कहा आपके नाम से 8 लाख रुपए का लोन पास हुआ है। आधार कार्ड, पेन कार्ड तथा खाता क्रमांक चाहिए। केशमती यादव ने उक्त शख्स के झांसे में आ गई तथा आधार कार्ड, खाता क्रमांक, पेन कार्ड भेज दिया। फिर उक्त शख्स ने लोन प्रोसेसिंग शुल्क के नाम पैसा मांगा। केशवती यादव ने 8 बार में 1 लाख 538 रुपए जमा किए। केशवती ने फोन पे से सारा भुगतान किया। इसके बाद महिला से ठग फिर पैसे मांगने लगा तब महिला को शक हुआ और उसने केनरा बैंक पहुंच जानकारी ली। यहां पता चला बैंक से महिला के पास लोन को लेकर कोई मैसेज नहीं किया गया था और न ही किसी ने बात की है। इसके बाद महिला को अपने ठगे जाने का एहसास हुआ।

### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत दोस्तों के साथ गया था नहाने

**भिलाई।** दुर्ग जिले के जामुल थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह सूर्यकुंड तालाब में डूबने से बच्चे की मौत हो गई। घासीदास नगर का रहने वाला यह बच्चा अपने कुछ दोस्तों के साथ नहाने गया था। इस दौरान गहराई में जाने से वह डूब गया। आसपास के लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाए। सूचना मिलने के बाद जामुल पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे के शव को बाहर निकलवाया। पंचनामा के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। जामुल थाना प्रभारी याकूब मेमन ने बताया कि घासीदास नगर निवासी 11 वर्षीय रेहान खान आज सुबह अपने दोस्तों के साथ सूर्यकुंड तालाब में नहाने गया। नहाते समय वह हादसे का शिकार हो गया। रेहान गहरे पानी में डूबने लगा तो उसके दोस्त शोर मचाने लगे। देखते ही देखते बच्चा गहरे पानी में डूब गया। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

# शराब के अवैध परिवहन पर सख्ती, दो दिन में 191 तस्कर पकड़ाए, सोलह लाख की शराब जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 को देखते हुए शराब के अवैध परिवहन पर सख्ती बरती जा रही है। आबकारी आयुक्त जनक प्रसाद पाठक के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के सभी चेकपोस्ट पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा दो दिन में ही 191 लोगों को शराब का अवैध रूप से परिवहन करते पकड़ाया गया है। इनके पास से लगभग 16 लाख रुपए की शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद आबकारी विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। आबकारी आयुक्त के मार्गदर्शन में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के जांच चौकियों में सघन तलाशी अभियान और जांच की कार्रवाई की जा रही है। पिछले दो दिन 26 और 27 अगस्त को सघन अभियान चलाकर अवैध रूप से शराब परिवहन व बेचने वाले करने वाले 191 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। इन प्रकरणों में 15 लाख 59 हजार 300 रूपए बाजार मूल्य की कुल 2340 लीटर मदिरा जब्त की गई। इस प्रकार 37230 किग्रा महुआ लाहन जब्त किया गया है, जिसका बाजार मूल्य 5 लाख 09 हजार 132 रुपए है। अभियान के दौरान 08 दोपहिया वाहन जब्त किया गया है, जिसका बाजार मूल्य रूपये 3 लाख 80 हजार रुपए है। अभियान के दौरान अन्य प्रांत की 83 लीटर मदिरा भी जब्त की गई हैं।



### वाहनों की नियमित जांच-पड़ताल

आबकारी विभाग के आयुक्त पाठक ने बताया कि राज्य के सीमावर्ती जिलों में स्थापित आबकारी विभाग के 31 चेकपोस्टों में अन्य राज्यों से अवैध शराब न आए इसलिए वाहनों की नियमित जांच-पड़ताल की जा रही है। उक्त दो दिनों में आबकारी विभाग के चेकपोस्टों में जांच दौरान 90 लीटर मदिरा जब्त किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर रोड चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है। आबकारी अमले द्वारा रेल्वे पुलिस तथा राज्य पुलिस के साथ मिलकर विभिन्न रेल्वे स्टेशनों, ट्रेनों, बस अड्डो, बसों पर भी जांच जारी है।

### टोल फ्री नम्बर 14405 पर कर सकते हैं शिकायत

आबकारी आयुक्त ने बताया कि आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत आबकारी विभाग द्वारा समस्त आसवनी, बाटलिंग यूनिट, ब्रुअरी तथा समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों में सतत जांच कर निगरानी रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त मदिरा के अवैध संग्रहण. परिवहन के संभावित स्थलों का चिन्हांकन कर सतत निगरानी रखी जा रही है। विभाग द्वारा टोल फ्री नम्बर 14405 का संचालन किया जा रहा है, जिस पर अवैध मदिरा से संबंधित/मदिरा दुकानों से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज करायी जा सकती है। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाता है।

# महिला को टक्कर मार 50 मीटर घसीट ले गया हाईवा: बेटे और पड़ोसी संग जा रही थी बाइक पर, लोगों ने तोड़फोड़ कर लगाया जाम

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौत हो गई और उसका बेटा व पड़ोसी बुरी तरह घायल हो गए। टक्कर के बाद महिला पहिए के नीचे आ गई और 50 मीटर तक घसीटती रही। इससे शव के चिथड़े उड़ गए। गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर हाईवा में जमकर तोड़फोड कर दी। करीब सात घंटे तक जाम लगा रहा। मृतका के परिवार वालों को एक लाख 25 हजार रुपए मुआवजा देने के बाद मामला शांत हुआ।

मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम किसान परसदा निवासी अविनाश पात्रे (18) सोमवार देर शाम अपनी मां संतोषी पात्रे (37) और गांव की ही रहने वाली मुस्कान पात्रे (35) को लेकर मस्तूरी बाजार जाने के लिए निकला था। तीनों बाजार से गांव लौट रहे थे। अभी वे जयरामनगर के आगे मोहरसाय चौक के पास पहुंचे थे कि तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक को चपेट में ले लिया।

इस हादसे में संतोषी पात्रे हाईवा के पहिए के नीचे आ गई और 50 मीटर तक घसीटती रही, जिससे उसका पैर व धड़ अलग हो गया और शव के चिथड़े उड़ गए। वहीं, उसका बेटा अविनाश व पड़ोसी महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम, छह घंटे तक फंसी रही लाश

इस घटना के बाद वहां आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इस बीच मौका पाकर आरोपी चालक भाग निकला। जिसके बाद गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। लेकिन, पुलिस लोगों को शांत नहीं करा पाई। इस दौरान महिला की लाश रात 12.30 बजे तक हाईवा के चक्के में ही फंसी रही।

चक्काजाम की खबर मिलते ही मस्तूरी टीआई रवींद्र अनंत भी वहां पहुंच गए। लेकिन, टीआई अनंत भीड़ को संभालने में नाकाम रहे। उनकी मौजूदगी में नाराज लोगों ने हाईवा में जमकर तोड़फोड़ कर दिया। स्थिति बिगड़ते देखकर टीआई ने एसपी संतोषकुमार सिंह को घटना की जानकारी दी। उन्होंने हिर्री टीआई हरीश तांडेकर, तोरवा टीआई कमला पुसाम, सीपत व पचपेड़ी सहित आसपास के थानेदारों को घटनास्थल रवाना किया। इस बीच एसडीएम भी वहां पहुंच गए। फिर भी मामला शांत नहीं हुआ।

### एक लाख 25 हजार मुआवजा देने पर शांत हुआ मामला

देर रात तक एसडीएम सहित पुलिस अफसर मौके पर डटे रहे। वहीं, लोगों की भीड़ ने शव को उठाने नहीं दिया। आक्रोशित लोग मृतका के परिवार वालों को 10 लाख रुपए मुआवजा व नौकरी देने की मांग कर रहे थे। पुलिस अफसरों की काफी समझाईश के बाद एक लाख 25 हजार रुपए मुआवजा देने के बाद देर रात मामला शांत हुआ। तब जाकर महिला के शव को हाईवा से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया।


**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ0ग0)**

ई-मेल: mandi.durg.cg@gmail.com

Azadi Ka Amrit Mahotsav

क्रमांक/मंडी/स्था0/2023-24/688 दुर्ग,दिनांक-24.08.2023

-:: अल्पकालिन भाव पत्र आमंत्रण सूचना ::-

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग के अतंर्गत नवीन थोक फल-सब्जी उपमंडी धमधा में निर्मित कियोस्क की 04 नग दुकानें, ए-1 टाईप की 10 नग दुकानें, ए-2 टाईप की 10 नग दुकानें, ए-3 टाईप की 10 नग दुकानें एव बी-टाईप की 10 नग दुकानें इस प्रकार कुल 44 नग दुकानों को किराए पर दिए जाने हेतु प्रीमियम राशि पर मुहर बंद बोली कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग में दिनांक-11.09.2023 दिन-सोमवार, समय-अपरान्ह 05:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है । कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग कार्यालय में उपमंडी धमधा की दुकान प्राप्ति के लिए आवेदन पत्र एवं डी.डी. प्रस्तुत कर प्रत्येक दुकान हेतु पृथक-पृथक मुहर बंद भाव प्रपत्र दिनांक-05.09.2023 दिन-मंगलवार तक मुहर बंद भाव प्रपत्र शुल्क राशि नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकेगें । प्राप्त बोली के मुहर बंद लिफाफें दिनांक-12.09.2023 दिन-मंगलवार को समय दोपहर 01:00 बजे से अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली प्रस्तुतकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेंगे ।

थोक फल सब्जी मंडी में निर्मित दुकान नीलामी की प्रमुख शर्ते :-

1- दुकानो की निलामी में कोई भी आम जन-साधारण व्यक्ति थोक फल-सब्जी के व्यवसाय हेतु भाग ले सकता हैं ।नीलामी में भाग लेने के लिए कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग से प्रदत्त थोक फल-सब्जी लाइसेंस पंजीयन को प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं ।

2- दुकानो की न्यूनतम प्रीमियम बोली राशि निर्धारित है, अतः इस राशि से कम की राशि की मुहर बंद बोली स्वीकार नही की जायेगी ।एकल निविदा प्राप्त होने पर निविदा नहीं खोली जावेगी ।मासिक किराया के अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा निर्धारित जी.एस.टी. की राशि अलग से देय होगा ।

3- दुकान की प्रीमियम की बोली के लिए निर्धारित मुहरबंद प्रपत्र पृथक-पृथक दुकान के लिए मंडी समिति दुर्ग कार्यालय से निर्धारित तिथि तक प्राप्त करने हेतु राशि मूल्य 500/- रू नगद एवं अमानत राशि राष्ट्रीयकृत बैंक का (डी.डी) जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा ।

4- उच्चतम प्रीमियम बोली प्रस्तुतकर्ता को बोली स्वीकृत दिनांक की सूचना जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रीमियम की राशि समान रूप से जमा करना अनिवार्य होगा ।अमानत राशि के रूप में जमा की गई राशि को प्रीमियम बोली की राशि में समायोजित की जावेगी, जमा राशि पर कोई ब्याज देय नही होगा ।तत्पश्चात् ही मण्डी समिति द्वारा निर्धारित प्रारूप में पंजीयन का कार्य 15 दिवस के भीतर निष्पादन किया जावेगा ।यदि निर्धारित समयावधि में प्रीमियम की राशि जमा नही की जाती तो जमा अमानत की राशि मण्डी के पक्ष में राजसात कर लिया जावेगा, एवं प्रीमियम संबंधी बोली अस्वीकृत की जा सकेगी ।

कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग के अतंर्गत नवीन थोक फल-सब्जी उपमंडी धमधा परिसर में निर्मित दुकानों का विवरण, दुकान क्रमांक, प्रति नग दुकान साइज, निर्धारित प्रति दुकान की प्रीमियम राशि, प्रति दुकान की अमानत राशि एवं प्रति दुकान की मासिक किराया राशि निम्नानुसार वर्णित है :-

| क्र. | दुकान का विवरण | दुकान क्रमांक | प्रति नग दुकान साईज | प्रति दुकान न्यूनतम प्रीमियम राशि रूपये में | प्रति दुकान अमानत राशि रूपये में | प्रति दुकान मासिक किराया राशि रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कियोस्क दुकान | 1,2,3,4 | 10.80 मी. x 5.40 मी. कुल क्षेत्रफल-58.32 वर्ग मीटर | 1,21,750.00 | 48,700.00 | 1,218.00 |
| 2 | ए-1 टाईप दुकान | ए-1(1),ए-1(2), ए-1(3),ए-1(4), ए-1(5),ए-1(6), ए-1(7),ए-1(8), ए-1(9),ए-1(10), | 4.00 मी. x 7.00 मी. कुल क्षेत्रफल-28.00 वर्ग मीटर | 1,61,750.00 | 64,700.00 | 1,618.00 |
| 3 | ए-2 टाईप दुकान | ए-2(1),ए-2(2), ए-2(3),ए-2(4), ए-2(5),ए-2(6), ए-2(7),ए-2(8), ए-2(9),ए-2(10) | 4.00 मी. x 7.00 मी. कुल क्षेत्रफल-28.00 वर्ग मीटर | 1,61,750.00 | 64,700.00 | 1,618.00 |
| 4 | ए-3 टाईप दुकान | ए-3(1),ए-3(2), ए-3(3),ए-3(4), ए-3(5),ए-3(6), ए-3(7),ए-3(8), ए-3(9),ए-3(10) | 4.00 मी. x 7.00 मी. कुल क्षेत्रफल-28.00 वर्ग मीटर | 1,61,750.00 | 64,700.00 | 1,618.00 |
| 5 | बी-टाईप दुकान | बी-1,बी-2, बी-3,बी-4, बी-5,बी-6, बी-7,बी-8, बी-9,बी-10 | 5.00 मी. x 11.20 मी. (भू-तल) 3.80 मी. x 9.00 मी. (प्रथम-तल) कुल क्षेत्रफल-90.20 वर्ग मीटर | 3,41,000.00 | 1,36,300.00 | 10,223.00 |

टीप :- विस्तृत जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन समय/दिवस में मंडी कार्यालय में देखी/प्राप्त की सकती है ।

( डॉ.एस.आर.पोर्ते )
सचिव,
कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग, जिला-दुर्ग, (छ.ग.)

( अश्वनी कुमार साहू )
अध्यक्ष,
कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग, जिला-दुर्ग, (छ.ग.)

S-38244/1


# टीटी की नौकरी लगवाने के नाम पर 36 लाख की ठगी, शातिरों ने ट्रेनिंग भी कराई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले के ग्राम बालपुर निवासी रमेश कुमार मन्नेवार, रूपेश कुमार और महुदा निवासी अजीत कुमार साहू से 36 लाख रुपए की ठगी हो गई। दरअसल शातिरों ने इन्हें रेलवे में टीटी की नौकरी लगाने झांसा दिया और तीनों से कुल 36 लाख रुपए वसूल लिए। यही नहीं शातिरों ने तीनों की बंगाल में ट्रेनिंग भी करवाई। बाद में पता चला कि इनके साथ ठगी हुई है। इस मामले में पुलिस ने महिला सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला जिले के चांपा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार बालपुर निवासी रमेश कुमार ने बताया कि उसकी मुलाकात विधान बैरागी, पुरुषोत्तम पटेल, भजन पटेल से हुई थी। नवंबर 2021 में तीनों ने रेलवे के अधिकारियों ने अच्छी पहचान होने की बात कही और रेलवे में नौकरी लगाने का दावा किया। रमेश इनके झांसे में आ गया और अपने और अपने भाई रूपेश कुमार के लिए 22 लाख रुपए और अजीत साहू से 14 लाख रुपए लेकर नौकरी लगाने के नाम पर दे दिए।




रुपए देने के कुछ दिन बाद ट्रेनिंग के लिए पश्चिम बंगाल ले गए। एक साल तक ट्रेनिंग कराई और उसके बाद सिलेक्शन नहीं होने की बात कहकर वापस भेज दिया। इसके बाद युवकों को समझ में आया कि उनके साथ फर्जीवाड़ा हुआ है। जब तीनों ने अपने रुपए मांगे तो तीनों शातिर डेढ़ साल तक घुमाते रहे। तंग आकर 25 अगस्त को चांपा थाने में तीनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शिकायत के बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी विधान बैरागी 30 वर्ष, पुरुषोत्तम पटेल 24 वर्ष और भजन पटेल 25 वर्ष निवासी लछनपुर महिला आरोपी वर्षा रानी शर्मा उम्र 29 साल निवासी श्याम रेजीडेसी उसलापुर बिलासपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से 5 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आरोपियों पर धारा 420, 467, 468, 471, 120 बी 34 के तहत कार्रवाई की गई।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

दुर्ग, दिनांक 18.08.2023

(ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना)

प्रथम आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन निविदायें प्रपत्र "अ" में प्रतिशत दर पर दिनांक 08.09.2023 तक आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा आमंत्रण सू.क्र./ सि.क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 187 / 145021 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन भरदाकला में 06 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 44.42 |
| 188 / 145022 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग क्रं 02 के अंतर्गत हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन पटेली में 06 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 44.42 |
| 189 / 145023 | लोक निर्माण विभाग अनुविभाग गुण्डरदेही के अंतर्गत हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन डोंगीतराई में 06 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 44.42 |
| 190 / 145024 | उपभाग क्रं 1 राजनांदगांव के अंतर्गत आवासीय / गैर आवासीय भवनों में जमा कार्य। | 80.00 |
| 191 / 145025 | उपभाग अम्बागढ़ के अंतर्गत आवासीय / गैर आवासीय भवनों में जमा कार्य। | 40.00 |
| 192 / 145026 | उपसंभाग क्रं 01 राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्लू.एम.एम. एवं बी.टी.पेच रिपेयर कार्य। | 50.00 |
| 193 / 145027 | उपसंभाग क्रं 02 राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्लू.एम.एम. एवं बी.टी.पेच रिपेयर कार्य। | 50.00 |
| 194 / 145028 | उपसंभाग अम्बागढ़ चौकी राजनांदगांव के अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्लू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य। | 50.00 |

टीप

1. एन.आई.टी.क्रं. 188.189 एवं 190 लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद से संबंधित है, एन.आई.टी. क्रं 191,192,193, एवं 194 लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव संभाग राजनांदगांव से संबंधित है ।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब portal एवं विभागीय वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है ।
3. पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय में भेजे जाने वाले लिफाफे के ऊपर एन.आई.टी. कमांक एवं कार्य का नाम अनिवार्य रूप से अंकित किया जायें ।

जी-04676/6

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग
दूरभाष-0788-2210876



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा चेतना शिविर का आयोजन

**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार ओडिशा की युवा शाखा दिव्य भारत युवा संघ (दीया) के द्वारा दिनांक 26 एवं 27 अगस्त 2023 को दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा चेतना शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रशिक्षक के रूप में पहुंचे दिव्य भारत युवा संघ (दीया) छत्तीसगढ़ के सहसयोंजक डॉ. योगेन्द्र कुमार एवं इंजिनियर युगल किशोर के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई 7 पहले कालखंड में इंजिनियर युगल किशोर ने युवा चेतना शिविर के उद्देश्य से सभी युवाओं को अवगत करते हुए बताया कि गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम जैसे वृक्षारोपण, साधना, शिक्षा, बाल संस्कार शाला, नशा मुक्ति, स्वावलंबन, नारी जागरण आदि को स्कूल एवं कॉलेज के युवाओं तक पहुचाने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं को एक अच्छा प्रवक्ता बनने के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी में निपुण होने के साथ-साथ किसी एक विषय में सब्जेक्ट मटेरियल स्पेशलिस्ट (एस.एम.एस.) बनने के लिए कहा। पहले दिन के द्वितीय कालखंड में डॉ. योगेन्द्र कुमार द्वारा युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को साधना की सबसे ज्यादा आवश्यकता है, और इन्द्रीय संयम, समय संयम, अर्थ संयम एवं विचार संयम कर लेना ही साधना है। दीया ओडिशा के राजेंद्र जी ने भी जीवन लक्ष्य एवं व्यक्तित्व परिष्कार के स्वर्णिम सूत्र बताये।

### तीज मिलन में जय, वीरू और गब्बर की जोड़ी ने बंटोरी ताली, म्यूजिकल गेम में रश्मि विनर

**भिलाई।** महिला सांस्कृतिक विकास समिति ने सुपेला के होटल में तीज मिलन का आयोजन किया। शुरुआत गणेश वंदना से की गई। स्वागत नृत्य रितु ने प्रस्तुत किया। समिति की अध्यक्ष अनिता मिश्रा ने संस्था के कार्यों की जानकारी दी और सावन गीत गाया। इसके बाद सदस्यों ने ग्रुप डांस और सोलो डांस प्रस्तुत किया। इस दौरान शोल फिल्म के कैरेक्टर्स की मिमिक्री खास रही, जिसमें समीक्षा पांडेय ने गब्बर, सरिता वर्मा ने वीरू, मौसी का किरदार संध्या पांडेय, जय और बसंती का किरदार क्रमशः अनिता मिश्रा व गीतांजलि ने निभाई। राजस्थानी डांस आरती यादव ने प्रस्तुत किया। म्यूजिकल गेम्स में रश्मि, स्मिता विजेता बनी। संचालन सचिव अनिता उपाध्याय ने किया।तालपुरी बी ब्लॉक के क्लब हाउस में हमर संगवारी ग्रुप ने तीज मिलन समारोह का आयोजन किया। तीज क्वीन प्रतियोगिता भी रखी गई, जिसमें 10 प्रतिभागियों के बीच हुए मुकाबले में सुषमा चंद्राकर तीज क्वीन चुनी गईं। फर्स्ट रनरअप वंदना साहू और सेकंड रनरअप दीपाली वर्मा को घोषित किया गया।

### दो विषयों में पूरक देने की तैयारी, 24 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को फायदा

भिलाई। कुलपतियों की बैठक में स्नातक कक्षाओं में दो विषयों में विद्यार्थियों को पूरक देने के फैसले पर मुहर लगा दी गई है। अब इसे अंतिम अनुमोदन के लिए राजभवन भेजा गया है। वहां से अधिसूचना जारी होते ही विश्वविद्यालयों में पूरक परीक्षा की तिथियां घोषित की जाएंगे। इस फैसले से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के 24 हजार से अधिक विद्यार्थियों समेत राज्य के 80 हजार से अधिक विद्यार्थियों को लाभ होगा। फिलहाल एक विषय में फेल होने वाले विद्यार्थी को ही पूरक की पात्रता दी जाती है।

### प्रगति यात्रा में विधायक देवेन्द्र ने दी कई सौगातें

# पीपलेश्वर मंदिर के पास लगेगा वाटर एटीएम, दो जगह बनेंगे डोमशेड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार प्रगतियात्रा कर रहे हैं। 28 अगस्त को विधायक श्री यादव ने सेक्टर 6 में प्रगति यात्रा की । इसकी शुरूआत उन्होंने कुलेश्वर धाम मंदिर से की। यहां वे दोपहर करीब 3 बजे पहुंचे। भगवान को प्रणाम कर यात्रा शुरू की गई। इस यात्रा के दौरान? विधायक ने सेक्टर 6 वालों को कई सौगातें दी।**



प्रगति यात्रा के दौरान विधायक देवेन्द्र यादव ने पैदल क्षेत्र का भ्रमण किया। एक-एक गली मोहल्ला व घर-घर तक गए। लोगों से मिले उनका हालचाल जाना। सब से मिलकर बातचीत की।

इस दौरान वार्ड और शहर के विकास को लेकर चर्चा की। यात्रा के दौरान जब वे एमजीएम स्कूल के पास से गुजर रहे थे, तब उसी समय बच्चों की छुट्टी हुई। तब वे बच्चों से भी मिले। उनसे हाथ मिलाया। बच्चे भी विधायक देवेंद्र यादव को पहचान गए। सभी उनसे मिलकर काफी खुश हुए। यहां से पैदल-पैदल विधायक यादव सेक्टर 6 पानी टंकी के पास पहुंचे। जहां समोसा, जलेबी आदि पकवानों के ठेले लगते है। वहां नाश्ता कर रहे लोगों से मिले। व्यापारियों से मिले। इस दौरान ?उनके साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थति रहे।

#### मंदिर परिसर में लगेगा वाटर एटीएम

ए मार्केट के चौक पीपलेश्वर मंदिर के समीप वाटर एटीएम लगाया जाएगा। क्षेत्रवासियों की मांग पर विधायक ने पहल की है। इसके अलावा सड़क 7 मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण व अन्य काम किया जाएगा। इसका भूमिपूजन किया गया। पावर जिम डोमशेड का लोकार्पण किया जाएगा। सड़क 8 मंदिर परिसर का भूमिपूजन किया जाएगा। एचएससीएल कालोनी डोमशेड एवं वाटर एटीएम का भूमिपूजन किया जाएगा।

## बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभिनी विदाई 05 कार्यपालक हुए सेवानिवृत्त




श्रीकंचपनथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ 05 अधिकारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 31 अगस्त 2023 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संयंत्र के इन अधिकारियों के लिए गरिमामयी सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आज इस्पात भवन में आयोजन किया गया।**

निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित कार्यपालकों के विदाई समारोह में विशेष रूप से उपस्थित संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं प्रभारी कार्यपालक निदेषक श्रीमती निशा सोनी ने सेवानिवृत्त अधिकारियों को उनके सभी दस्तावेज एवं प्रमाणपत्र सौंपा गया।

संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने समारोह को संबोधित करते हुये अधिकारियों के अपने-अपने कार्यक्षेत्र में बेहतरीन कार्य हेतु विशिष्ट व उत्कृष्ट योगदान की सराहना की तथा इनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। सभी अधिकारियों ने विदाई समारोह में, अपने-अपने कार्यानुभावों के साथ भविष्य की कुछ व्यक्तिगत योजनाओं को साझा किया। अगस्त माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों में महाप्रबंधक एस श्रीवास्तव, महाप्रबंधक श्रीमती एस मुखर्जी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंजला सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक ए के जलान एवं कनिष्ठ प्रबंधक पी कलियारी शामिल हैं।

## निगम क्षेत्र में बन रहा है औधोगिक पार्क

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बनगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र के युवा बेरोजगारों को स्वावलंबी बनाने महात्मा गांधी शहरी इंडस्ट्रीयल पार्क का स्थापना करने जा रहा है। जहां युवक स्वयं का लघु उद्योग संचालित कर अन्य युवाओं को देगें रोजगार।

राज्य शासन द्वारा शहरी क्षेत्र के युवाओं को नई उद्योगों का स्टार्टअप करने वाले युवाओं को अवसर देते हुए उन्हें स्वंय के रोजगार से जोड़ने अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क स्थापित करने की घोषणा प्रदेश के मुख्यमंत्री ने किया था।

शासन की महत्वाकांक्षी योजना को जनता को समर्पित कर लाभ दिलाने उद्योग स्थापित कराने भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल ने वार्ड 06 प्रियदर्शनी परिसर में रिक्त स्थल चयन कर विधिवत निविदा प्रक्रिया को पूर्ण कर औधोगिक पार्क स्थापना का कार्य शीघ्रता से करा रहे है। आयुक्त रोहित व्यास ने प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम लगभग 2.5 एकड़ जमीन में वाहन शाखा के पीछे आकार ले रहे इंडस्ट्रीयल पार्क स्थल तक पहुंच मार्ग , नाली, बिजली, पानी जैसे आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के लिए किये जा रहे कार्यो का स्थल अवलोकन किये । निरीक्षण के दौरान उपस्थित विभागीय अधिकारियों से उद्यमियों के लिए सभी



आवश्यक सुविधा मुहैया कराने तथा निर्माण कार्य की प्रगति का फीडबैक लेते हुए सभी कार्य को गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश देते हुए समय सीमा में पूर्ण करने कहा ताकि इसका लाभ क्षेत्र के युवाओं को शीघ्र मिले सके।

निगम द्वारा बनाये जा रहे महात्मा गांधी शहरी इंडस्ट्रीयल पार्क में शिक्षित युवा बेरोजगारो को उनको स्वयं का रोजगार स्थापित करने भूमि आबंटित किया जायेगा, जहां मिलेट प्रोसिंग प्लांट, पापड़, उद्योग, दोना पत्तल उद्योग जैसे लघु उद्योग की स्थापना कर क्षेत्र के अन्य युवाओं को रोजगार देगें।

## संयंत्र द्वारा डेंगू उन्मूलन का सघन अभियान जारी, प्रबंधन ने निरीक्षण कर बैठक ली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विगत दिनों में इस्पात नगरी, भिलाई और दुर्ग जिले में डेंगू के अनेक प्रकरण सामने आये और डेंगू के मरीजों की संख्या को देखते हुए स्थिति चिंतनीय दिखलाई नजर आने लगी। इस स्थिति को देखते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग की अगुवाई में जिला मलेरिया उन्मूलन विभाग के सहयोग से विगत जून माह से अभियान चलाया ला रहा है।

चिंतनीय और एलर्ट करने वाली स्थिति को ध्यान में रखते हुए आज 28 अगस्त, 2023 को संयंत्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ ने वरिष्ठ डॉक्टरों की उपस्थिति में संयंत्र पीएचडी अधिकारियों की बैठक ली। इसके साथ ही संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं और सी एस आर) श्री जे वाय सपकाले ने डेंगू प्रभावित सेक्टरों का निरीक्षण का किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली।



दुर्ग जिला और इस्पात नगरी भिलाई में डेंगू के प्रकरण सामने आ रहे हैं। मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिये संयंत्र के जन स्वास्थ विभाग एवं जिला मलेरिया उन्मूलन विभाग, दुर्ग के द्वारा विगत जून, 2023 से संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में वृहद सर्वेक्षण, साफ-सफाई, जागरूकता के प्रयास एवं लार्वानाशी दवाओं का निःशुल्क वितरण, फगिंग, माईक, बैनर, होर्डिग और घर-घर जाकर समझाईष आदि का सघन रूप से अभियान चलाया जा रहा है। आज, 28 अगस्त को स्वास्थ्य अधिकारी और चिकित्सकों के टीम सहित अन्य अधिकारियों ने विभिन्न सेक्टरों में चलाये जा रहे अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक (नगर सेवाएं एवं सीएसआर) जे वाय सपकाले ने डेंगू नियंत्रण व रोकथाम के तहत किये जा रहे कार्य का निरीक्षण किया। सेक्टर-2 और सेक्टर-4 में चल रहे अभियान का अवलोकन किया।

साथ ही आज दोपहर संयंत्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एम रविन्द्रनाथ द्वारा वरिष्ठ डॉक्टरों की उपस्थिति में, पीएचडी अधिकारियों की बैठक ली गई। जिसमें उन्होंने डेंगू नियंत्रण व रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्यो के विषय में जानकारी प्राप्त की व दिशा निर्देश दिए।

## त्रिलोकी नाथ सिंह ने अपने देहदान की घोषणा की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** माँ अन्नपूर्णा ग्लास के संचालक विजय नगर निवासी त्रिलोकी नाथ सिंह ने अपने देहदान की घोषणा कर वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के नत्थू अग्रवाल,कुलवंत भाटिया,हरमन दुलाई और रितेश जैन को सौंपी उनकी माता कलावती देवी,पुत्र आकाश सिंह व् बहु सरिता सिंह ने देहदान हेतु सहमति दी। त्रिलोकी नाथ सिंह जी ने कहा मैंने अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर यह निर्णय लिया है कि मेरा सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में योगदान कायम रहे और मेरे इस दुनिया से जाने के बाद मेरे नेत्र व् शरीर समाज के कार्य आए तो मेरा जीवन सार्थक होगा मैं उम्मीद करता हूँ कि नवदृष्टि फाउंडेशन इस कार्य में मेरी इच्छा को आगे बढ़ाएगा और समाज के उत्थान में मदद करेगा।

नवदृष्टि फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य नत्थू अग्रवाल ने




इस मौके पर त्रिलोकी नाथ सिंह की भावनाओं का अभिवादन करते हुए कहा कि त्रिलोकी नाथ सिंह के देहदान की घोषणा से समाजको प्रेरणा मिलेगी व हम इस विशेष प्रसंग पर समाज के सहयोगियों के साथ मिलकर समाज के विकास में और भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नवदृष्टि फाउंडेशन के राजेश पारख ने कहा हमारी संस्था लगतार लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है जिसके सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं व लोगों की देहदान व नेत्रदान के प्रति सोच बदली है अब लोग स्वस्फूर्त ही देहदान व नेत्रदान हेतु सामने आ रहे हैं एवं यदि कोई देहदान हेतु सहयोग या मार्गदर्शन चाहता है। नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार,कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी, मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई,मंगल अग्रवाल,किरण भंडारी,रितेशजैन,जितेंद्र हासवानी,उज्जवल पींचा,सत्येंद्र राजपूत,सुरेश जैन,राजेश पारख, पियूष मालवीय,विकास जायसवाल,मुकेश राठी, प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ, सपन जैन, यतीन्द्र चावड़ा, बंसी अग्रवाल, अभिजीत पारख,सूरज साहू ,मोहित अग्रवाल,चेतन जैन,दयाराम टांक ने त्रिलोकी नाथ सिंह के देहदान के निर्णय की सराहना की व् स्वस्थ जीवन की कामना की।

### रीपा की तर्ज पर ऊपा के स्थापना हेतु उद्यमियों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक

**दुर्ग।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी इंडस्ट्रियल पार्क योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत महात्मा गांधी औद्योगिक पार्क क्षेत्र (उपा)रीपा की तर्ज पर विकसित करने के लिए पोटिया कला वार्ड 54 के ट्रैचिंग ग्राउंड में खसरा नंबर 227/5 को चिन्हित किया गया है ।जिसमे रकबा 2.428 है इतने कुल रकबे पर उपा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, ।ऊपा के अंतर्गत लघु एवं मध्यम स्तर के उद्योग के लिए निश्चित आकार की भूमि उपलब्ध कराया जाएगा ।दिनाँक 21 अगस्त 2023 को रुचि की अभिव्यक्ति द्वारा इच्छुक उद्यमियों से नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा आवेदन जमा किया जा रहा है ।जिसका अंतिम तिथि 31अगस्त 2023 तक है। ऊपा के अंतर्गत छोटे एवं मध्यम स्तर के उद्योगो के लिए भूमि उपलब्ध कराने का कार्य नगर निगम द्वारा किया जाएगा ।छोटे एवं मध्यम स्तर के उद्योगों की स्थापना होने से लोगो को रोजगार के अवसर मिलेंगे तथा स्थानीय स्तर पर उत्पादित वस्तु स्थानीय बाजार में कम कीमत पर मिलेगी ।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा जल्द आवेदन करने उद्यमियों से अपील की है।

# केमिकल प्रदूषित पानी का रिसाव जल स्त्रोतों में होने के कारण ग्रामवासियों के स्वास्थ्य पर हो रहा गहरा असर

### स्पीड ब्रेकर नही होने के कारण थनौदवासियों को बनी रहती है दुर्घटना की आशंका, समीप में हो रहा स्कूल का संचालन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचें लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी लेते हुए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में 130 आवेदन प्राप्त हुए।**




ग्राम पंचायत नंदिनी खुंदिनी के सरपंच एवं ग्रामवासियों ने भूमिगत जल बोर पंपों पर विषाक्त केमिकल प्रदूषित पानी का रिसाव होने की शिकायत की। ग्रामवासियों ने बताया कि विष्णु केमिकल भिलाई (चोपड़ा खदान) में सैकड़ों टन पेंट बनाने का कार्य किया जा रहा है। पेंट बनाने से निकले वाले वेस्ट केमिकल, रॉ मटेरियल को एक गड्ढा बनाकर डाल दिया जाता है। उक्त रॉ मटेरियल व वेस्ट केमिकल घुलनशील होने के कारण भूमिगत जल से मिलकर जल स्त्रोतों के माध्यम से पूरे गांव के लोग उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव के अधिकतर बोर पंप जिसे पूरे गांव वाले उपयोग में लाते हैं उस पानी का स्वाद और रंग अलग ही होता है। केमिकल पानी का रिसाव पीने के पानी में होने के कारण ग्रामवासियों के स्वास्थ्य पर गहरा असर हो रहा है। शरीर में स्कीन से संबंधित गंभीर बीमारियों से ग्रामवासियों को जुझना पड़ रहा है। ग्रामवासियों द्वारा प्रदूषित पानी की जांच भिलाई इंस्टीट्यूट टेक्नॉलाजी के अभियांत्रिकी रसायन विभाग द्वारा गया था, जिसमें केमिकल की अधिक मात्रा का होना पाया गया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। पाटन निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जोड़ने एवं आवास प्रदान करने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची में था। लेकिन वर्तमान में जनपद पंचायत द्वारा बताया गया कि उनका नाम सूची से डिलीट हो गया है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

थनौद निवासियों ने स्पीड ब्रेकर निर्माण के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि आबादी क्षेत्र होने के कारण थनौद मुख्य मार्ग के पास दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। समीप में हाई स्कूल भी संचालित होती है, जिसके कारण बच्चों का स्कूल आना जाना लगा रहता है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग को अवगत कराया गया, तो उनके द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया, लेकिन उनका कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाईन के अनुसार स्पीड ब्रेकर नही लगाया जा सकता है। इस पर कलेक्टर ने ईई लोक निर्माण विभाग को निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही करने को कहा।

इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 25 पंचशील नगर में अवैध शेड निर्माण हटाने, सड़क बनाने, नल कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, पट्टा दिलाने, दीनदयाल कालोनी आवासीय परिसर जुनवानी भिलाई में मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध कराने, आंगनबाड़ी के सामने से ट्रांसफार्मर हटाने, भू मुआवजा, भूमि पर अवैध कब्जा इत्यादि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इन सभी आवेदनों पर संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## बीएसपी के शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय क्रीड़ा दिवस समारोह का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय क्रीड़ा दिवस के उपलक्ष्य में 28 अगस्त 2023 को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में बीएसपी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, सेक्टर-2 में राष्ट्रीय क्रीड़ा दिवस समारोह मनाया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकाले उपस्थित रहे।**




महाप्रबंधक श्रीमती शिखा दुबे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कहा कि खेल-कूद से विद्यार्थियों में टीम भावना जागृत होती है। पढ़ाई से बौद्धिक विकास होता है लेकिन शारीरिक विकास के लिए खेल कूद का होना आवश्यक है।

सहायक प्रबंधक डेनिश क्रिस्टी ने बताया कि खेल कूद से हम सीमित संसाधनों के बावजूद सफलता के उच्चतम शिखर पर पहुंच सकते हैं। पर्सनल विभाग की श्रीमती अर्चना जूलियट शाह ने अपने पिता जो हॉकी के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहे हैं के बारे में बताते हुए कहा कि उन्हें अपने पिता की प्रेरणा से इस मुकाम को हासिल किया। उन्होंने कहा कि कामयाबी के रास्ते में किसी भी प्रकार का अभाव रुकावट नहीं बन सकती। उप महाप्रबंधक तथा ओलम्पियन एवं अर्जुन अवार्डी राजेन्द्र प्रसाद ने अपने जीवन के प्रेरणास्पद संस्मरण सुनाकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 की छात्रा सुश्री दिव्या ने मेजर ध्यानचंद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे बताया। भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 की छात्रा सिमरन साहू ने हॉकी के उद्भव और विकास के इतिहास का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

कनिष्ठ प्रबंधक मनीष तिवारी द्वारा हॉकी से संबंधित प्रश्नों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार ने आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापन में शाला की क्रियाकलापों, गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रम का उल्लेख किया। इस कार्यक्रम में सभी स्कूलों के प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त वरिष्ठ व्याख्याता एस के खोब्रागढ़े द्वारा किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950